हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 351, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 14 जून, 2023 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

## शाह ने 8,000 करोड़ रुपये की आपदा प्रबंधन योजनाओं का किया एलान, तीन प्रमुख स्कीमों पर खर्च होगा बजट

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आपदा प्रबंधन के लिए 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की तीन प्रमुख योजनाओं की घोषणा की। शाह ने विज्ञान भवन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आपदा प्रबंधन विभागों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की है, जिसके लिए आठ हजार करोड़ का बजट तय किया गया है। शाह ने स्कीमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राज्यों में प्रबंधन के लिए आधुनिक सेवाओ और उसके विस्तार के लिए 5000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। 2500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, अहमदाबाद और पुणे जैसे शहरों में बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम शमन योजना के तहत 825 करोड़ रुपये 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए खर्च किए जाएंगे। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के आपदा प्रबंधन मंत्रियों की बैठक के बाद शाह ने कहा कि पिछले नौ साल में केंद्र सरकार ने इस क्षेत्र में काफी कुछ हासिल किया है। अमित शाह ने आगे कहा कि हमने बहुत कुछ हासिल किया है और इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। लेकिन हम सिर्फ इतने से संतुष्ट नहीं रह सकते क्योंकि, आपदाओं ने अपना रूप बदल लिया है। उनकी तीव्रता बढ़ गई है। हमें व्यापक योजनाएं बनानी होंगी। अब कुछ नए इलाकों में भी आपदाएं आ रही हैं। इन सबके लिए हमें अपने आप को तैयार करना पड़ेगा। शाह ने कहा कि जिन राज्यों में परमाणु ऊर्जा केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, उन्हें आपात स्थितियों में सख्त प्रोटोकॉल दिए गए हैं।



### प्रचंड गर्मी से अभी नहीं मिलेगी राहत, मौसम विभाग ने लू चलने का यलो अलर्ट किया जारी



लखनऊ। प्रचंड गर्मी से परेशान उत्तर प्रदेश के लोगों को फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं दिख रहे। सोमवार को गोरखपुर, झांसी, बस्ती और प्रयागराज लू की चपेट में रहे। झांसी शहर 45.6 डिग्री सेल्सियस पारे में तपा, जबकि प्रयागराज में भी दिन का अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई क्षेत्रों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, आगरा, जालौन, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों के लिए लू चलने का अलर्ट जारी किया है। दूसरी ओर, झांसी और प्रयागराज के अलावा प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में पारा सामान्य से अधिक रहा। वहीं, रात का चढ़ता पारा, राजधानी लखनऊ में दिन को और भी गर्म बना रहा है। झुलसाने वाली इस गर्मी से फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं हैं। सोमवार को दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस, तो रात का 29.4 डिग्री दर्ज हुआ। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक तीन कारणों की वजह से स्थिर पारे के बीच भी लोगों को भीषण गर्मी का अहसास हो रहा है। पश्चिमी विक्षोभ की निष्क्रियता और पछुआ हवा की वजह से दिन में गर्मी बढ़ रही है। तीसरा प्रमुख कारण है रात के पारे में बढ़ोतरी होना। न्यूनतम तापमान अधिक होने से दिन की शुरूआत ही गर्म होती है। दिन चढ़ने के साथ ही इसमें बढ़ोतरी होने लगती है।

### मायावती ने साधा निशाना, बोलीं- खुद को बड़ा हिंदुत्ववादी बताने के लिए भाजपा और कांग्रेस में लगी होड़

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर एक बयान जारी किया कि आजकल कांग्रेस और भाजपा में यह होड़ लगी हुई है कि कौन बड़ा हिंदुत्ववादी है। कौन बड़ा हिंदू भक्त है। इसी के चक्कर में पूजा पाठ में दोनों अपने आपको माहिर दिखा रहे हैं। इसका साफ मतलब यह है कि इससे बाकी अन्य धर्म की उपेक्षा की जा रही है। यह संविधान की मंशा के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में हिंदुओं के अलावा मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी आदि धर्म के लोग भी रहते हैं और सभी दलों को इनका भी बराबर सम्मान और ध्यान रखना चाहिए। साथ ही सभी ऐतिहासिक स्थलों को भी सुरक्षित रखना चाहिए क्योंकि आजकल ऐतिहासिक स्थलों के साथ भी छेड़छाड़ की जा रही है। मायावती ने कहा कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में दलित और आदिवासियों का उत्पीड़न हो रहा है। जल्द हो रहे विधानसभा चुनाव में इन चारों राज्यों में बसपा यह मुद्दा उठाएगी। इसके प्रति जनता को जागरूक करेगी। वहां के लिए पार्टी ने राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद और मुख्य कोऑर्डिनेटर राम जी गौतम को लगाया है।

## ओपी राजभर की क्या फिर एनडीए में होगी वापसी? बेटे की शादी की बधाई देने घर पहुंचे भूपेंद्र सिंह चौधरी



वाराणसी। सुभासपा अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर के छोटे बेटे अरुण की शादी सियासी गलियारे में चर्चा के केंद्र में है। बरात 11 को गई थी और आज रिसेप्शन पार्टी है। ऐसे में प्रदेश के बड़े नेताओं का राजभर के वाराणसी के फत्तेहपुर गांव स्थित आवास पर जमावड़ा लगना शुरू हो गया है। बीजेपी यूपी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार सुबह फत्तेहपुर गांव पहुंचे और नवविहाति जोड़े को आशीर्वाद दिया। इस दौरान काफी देर तक दोनों नेताओं ने चर्चा की और एक दूसरे का हालचाल जाना। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री गिरीश यादव समेत कई अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ओपी राजभर को बधाई पत्र भेज कर इस शादी के शुभकामनाएं दीं थीं।

**अटकलों को मिली हवा**– यूपी चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन में शामिल रही सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) क्या फिर से बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए में शामिल होगी? भूपेंद्र सिंह चौधरी और ओमप्रकाश राजभर की मुलाकात के बाद इन अटकलों को हवा तेज हो गई है।

कयास लगाए जा रहे हैं कि सुभासपा अध्यक्ष लोकसभा चुनाव 2024 से पहले फिर से एनडीए में वापसी करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सुभासपा प्रमुख की मुलाकात के दौरान क्या बातचीत हुई, इस संबंध में अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। पुराने गठबंधन सहयोगियों के बीच फिर से साथ आने की दिशा में बड़े कदम के तौर पर देखा जा रहा है। ओपी राजभर ने उत्तर प्रदेश का पिछला विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा था। हालांकि बाद में वह गठबंधन से अलग हो गए थे। इसके बाद उनका भाजपा के प्रति रुख नरम होता गया।

**विधानसभा चुनाव 2017 में थे भाजपा के साथ**– बीते कुछ माह से राजभर खुले मंच से समाजवादी पार्टी पर निशाना साध रहे हैं तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ कर रहे हैं। सरकार ने भी उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा उपलब्ध करा दी है। राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि एक बार फिर से दोनों पार्टियां साथ आ सकती हैं। राजभर की पार्टी ने वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव भाजपा के ही साथ मिलकर लड़ा था। सरकार बनने पर ओमप्रकाश राजभर को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था, लेकिन बाद में राजभर ने गठबंधन से नाता तोड़ लिया था।

**रिसेप्शन पार्टी में कई दिग्गजों के पहुंचने की संभावना**– सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरुण की बरात रविवार को गाजीपुर के सादात गई थी। रिसेप्शन पार्टी सिंधौरा में रखा गया है। संभावना है कि इस पार्टी में यूपी सरकार के कई मंत्री समेत प्रदेश के कई दिग्गज पहुंचेंगे।

## टहलने निकले एडिशनल कमिश्नर की रहस्यमय मौत, 24 घंटे बाद कब्रिस्तान में मिला शव



प्रयागराज। सोमवार सुबह में टहलने निकले प्रयागराज मंडल के अपर आयुक्त द्वितीय सुनील कुमार मिश्र का लगभग 24 घंटे बाद कीडगंज क्षेत्र में स्थित एक कब्रिस्तान में शव मिला। वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी की रहस्यमय मौत से खलबली मच गई। पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। कीडगंज पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। मूल रूप से अयोध्या के जलालपुर इलाके के रफीगंज के ढकवा गांव निवासी सुनील कुमार मिश्र (46) वर्ष 2012 बैच के पीसीएस अफसर थे। वह अभी तक उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज में उप सचिव के पद पर तैनात थे। लगभग तीन हफ्ते पहले ही उनकी नियुक्ति अपर आयुक्त द्वितीय प्रयागराज मंडल के पद पर हुई थी। वह परिवार के साथ मेडिकल चौराहे के पास सरकारी आवास में रहते थे। सोमवार भोर में 4.30 बजे वह रोज की तरह टहलने निकलने थे। दोपहर बाद तक नहीं लौटे तो बेटे उत्कर्ष मिश्र ने काल किया। मोबाइल बंद मिला तो उन्हें चिंता हुई। कई स्थानों पर तलाश की गई। कोई पता नहीं चलने पर उत्कर्ष ने अपर आयुक्त प्रशासन प्रयागराज मंडल पुष्पराज सिंह को फोन किया। अपर आयुक्त प्रशासन ने पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना दी। कई थानों की पुलिस तलाश में जुटी। मंगलवार भोर में उनका शव कीडगंज क्षेत्र में स्थित एक कब्रिस्तान में पाया गया। बताते हैं कि सुनील कुमार मिश्र की पत्नी शीला की लगभग एक माह पहले बीमारी के चलते निधन हो गया था। इसके बाद से ही वह काफी अवसाद में थे। शुगर और ब्लड प्रेशर समेत कई गंभीर बीमारी भी उनको थी। उनके निधन से बेटे उत्कर्ष और बेटी साक्षी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था। दोनों प्रयागराज में रहकर सिविल सेवा की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

### मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर भीषण हादसा, ऑयल टैंकर में लगी आग; चार की मौत, तीन घायल



मुंबई। महाराष्ट्र के मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां एक ऑयल टैंकर दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसके बाद उसमें आग लग गई। यह दुर्घटना कितनी भीषण थी, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हादसे के बाद हाईवे में ही आग लग गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हुई है, वहीं तीन लोग घायल हैं। हाईवे के एक साइड पर ट्रैफिक को रोक दिया गया है और सिर्फ एक ही तरफ से वाहनों को निकाला जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना लोनावाला और खंडाला के बीच घटी। टैंकर में कोई रासायनिक पदार्थ भरा था। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के बाद टैंकर में आग लगी और रसायन में विस्फोट होने से निकले अंगारे सड़क पर चल रहे वाहनों पर गिरने लगे। लोनावाला थाने के एक अधिकारी ने बताया कि सड़क पर चल रहे चार वाहन चालक इस घटना में घायल हो गये और तीन की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि मृतकों में एक व्यक्ति टैंकर में सवार था। वहीं टैंकर में सवार दो लोग घायल हो गये। अफसरों ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है और आग पर काबू पा लिया गया है।

## जमीनी विवाद में जीजा ने साले की गोली मारकर कर दी हत्या, पछतावा के बाद खुद का भी भेजा उड़ाया

प्रखर वाराणसी। जिले में जमीन विवाद के कारण एक ही घर में दो हत्या होने से हड़कंप मच गया। मामला लोहता थाना क्षेत्र के बखरियांव गांव का है। जहां ससुराल में पहुंचे दामाद ने गोली मारकर साले की हत्या कर दी। फिर कुछ देर बाद खुद के सिर पर गोली मारकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



दरअसल बखरियां गांव में रहने वाले राजेश सिंह का दामाद दिनेश सिंह सुबह अपनी ससुराल पहुंचा। जहां जमीन के विवाद में ससुर राजेश सिंह और दामाद दिनेश सिंह बीच विवाद होने लगा। विवाद के बीच में दिनेश का साला भी उलझ गया, जिसके बाद अपनी बंदूक लेकर ससुराल पहुंचे दामाद ने अपने साले पर ताबड़तोड़ 4 गोलियां दाग दीं। जिसके बाद वो वहां से निकल गया। लेकिन कुछ दूर जाने के बाद दामाद दिनेश सिंह ने खुद के सिर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस साक्ष्य जुटा रही है। मामले पर डीसीपी वरुणा जोन अमित कुमार ने बताया कि दामाद यानी जीजा ने अपने साले को गोली मारी और वहां से निकलने के बाद लगभग एक किलोमीटर दूर बनकट गांव जाकर खुद के सिर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक साले को गोली मारने के बाद उसने अवसाद में आकर खुद को गोली मारी है।

### उग्रवादियों और ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच हुई मुठभेड़, नौ लोग घायल; एक की हालत गंभीर

इम्फाल। संघर्षग्रस्त मणिपुर में इंफाल पूर्वी जिले के खमेनलोक इलाके में सोमवार देर रात तक उग्रवादियों और ग्रामीण स्वयंसेवकों के बीच मुठभेड़ जारी रही, जिसमें नौ और लोग घायल हो गए। इस बात की जानकारी पुलिस की ओर से दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शुरूआत में तीन लोगों के हताहत होने की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि गांव के स्वयंसेवकों ने उग्रवादियों द्वारा बनाए गए कुछ अस्थायी बंकरों और वाच टावर को भी जला दिया। यह क्षेत्र मैतेई-बहुल इंफाल पूर्वी जिले और आदिवासी बहुल कांगपोकपी जिले की सीमाओं के पास स्थित है। सोमवार को इलाके में गांव के स्वयंसेवकों और उग्रवादियों के बीच भारी गोलीबारी हुई। इससे पहले तीन दिन तक इलाके में कोई बड़ी घटना की सूचना नहीं मिली थी। एक अन्य घटना में, बिष्णुपुर जिले के गोविंदपुर गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया और दो अन्य घायल हो गए। हिंसा को और फैलने से रोकने और इलाके में दबदबा कायम करने की कवायद के लिए इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि उग्रवादी गांवों के आसपास बंकर बनाने की कोशिश कर रहे थे, तभी सुरक्षा बलों ने उन्हें उकसाया और दोनों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। एक महीने पहले मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हुई जातीय हिंसा में लगभग 100 लोगों की जान चली गई थी और 310 अन्य घायल हो गए थे। राज्य में शांति बहाल करने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को तैनात किया गया है। मणिपुर के 16 में से 11 जिलों में कर्फ्यू लागू है, जबकि पूरे पूर्वोत्तर राज्य में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मैतेई समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद पहली बार 3 मई को झड़पें हुईं। मैतेई मणिपुर की आबादी का लगभग 53 प्रतिशत है और ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं।

## यूरोपीय संघ ने की रूस की निंदा, कहा- यूक्रेन पर हमले से बढ़े युद्ध के खतरे





वाराणसी। वाराणसी में जी-20 देशों के मंत्री समूह की बैठक के बाद यूरोपीय संघ की अंतरराष्ट्रीय सहभागिता आयुक्त जट्टा उर्पिलैनन ने रूस की निंदा की है। उन्होंने कहा कि रूस की आक्रामकता ने युद्ध के खतरों को बढ़ा दिया है। यूक्रेन पर हमला अनुचित है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ रूस के कदमों की निंदा करता रहेगा। सोमवार को जी-20 देशों के मंत्री समूह की बैठक के बाद यूरोपीय संघ की अंतरराष्ट्रीय सहभागिता आयुक्त जट्टा ने कहा कि कोविड-19 की वजह से पहले ही सतत विकास का लक्ष्य धीमा पड़ा गया था। महामारी और युद्ध से असमानताएं बढ़ रही हैं। दुनिया कई संकटों का सामना कर रही है। कहा कि इससे सतत विकास का लक्ष्य प्रभावित हो रहा है। कई देश ऋण संकट से पीड़ित हैं। जी-20 को ऋण पारदर्शिता और ऋण स्थिरता को बढ़ावा देना जारी रखना चाहिए। जी-20 के साथ दुनिया के सभी देश वर्ष 2030 तक के एजेंडा को तय कर रहे हैं। उन्होंने बहुपक्षवाद का समर्थन किया और कहा कि मानवाधिकारों को ध्यान में रखते हुए सतत विकास की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता है। उधर, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने यूरोपीय संघ के इस बयान पर कहा कि बंद कमरे में क्या हुआ, इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है। यह जरूर है कि बैठक में सभी लोगों ने अपनी स्पष्ट तौर पर प्रमुखता के साथ रखीं। यूरोपीय संघ की अंतरराष्ट्रीय सहभागिता आयुक्त जट्टा उर्पिलैनन ने अपनी काशी यात्रा का अनुभव भी बताया और कहा कि काशी की कला, संस्कृति और आतिथ्य ने मुझे मुरीद बना लिया है। गंगा आरती अविस्मरणीय है। इसकी स्मृतियां जीवन भर जेहन में रहेंगी।

### कोरोना के मामलों में भारी गिरावट, 24 घंटे में आए 80 नए केस; रिकवरी रेट 98.81 प्रतिशत

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों में तेजी से गिरावट देखने को मिल रही है। सोमवार के मुकाबले आज कोरोना के दैनिक मामले में गिरावट आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोरोना के 80 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 2,248 हो गई है। मंत्रालय द्वारा जारी अपडेट किए गए आंकड़ों में कोविड मामले की कुल संख्या 4.49 करोड़ दर्ज की गई। इसी के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 5,31,892 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, सक्रिय मामलों में अब कुल संक्रमणों का 0.01 प्रतिशत शामिल है। बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,44,58,820 हो गई और मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत दर्ज की गई। कोरोना रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड टीके की 220.66 करोड़ डोज दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि भारत में सात अगस्त 2020 को कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर 2020 को ये मामले एक करोड़ से अधिक हो गए थे। चार मई 2021 को संक्रमितों की संख्या दो करोड़ और 23 जून 2021 को तीन करोड़ के पार पहुंच गई थी। पिछले साल 25 जनवरी को संक्रमण के कुल मामले चार करोड़ के पार चले गए थे।

## संपादकीय

# भारतीय मूल के छात्रों को कनाडा में राहत

कनाडा में पढ़ाई करने गए और कुछ दिनों से निर्वासन के भय में जी रहे भारतीय मूल के छात्रों को वहां के अधिकारियों ने बड़ी राहत दी है। उनके निर्वासन पर स्थगन आदेश जारी कर दिया है। इस मामले में भारत का विदेश मंत्रालय लंबे समय से छात्रों के प्रति सहानुभूति पूर्वक व्यवहार की अपील कर रहा था। विदेशमंत्री ने कहा है कि इसमें दोष छात्रों का नहीं, बल्कि उन एजंसियों का है, जिनकी मार्फत वे वहां पढ़ाई करने पहुंचे थे। दरअसल, मामला यों है कि कई विद्यार्थी यहां से कनाडा के संस्थानों में दाखिला कराने वाली एजंसियों की मदद से वहां पहुंचे थे। उन्होंने जिस कालेज में दाखिले का पत्र उन्हें दिया, उसी आधार पर वीजा मिल गया। मगर जब वे वहां पहुंचे, तो उन कालेजों ने कहा कि उनके यहां दाखिला पूरा हो चुका है। ऐसे में एजंसियों ने उन्हें किसी दूसरे कालेज में दाखिला लेने को प्रेरित किया। इस तरह वहां रह कर उन्होंने पढ़ाई पूरी की और कहीं काम करने लगे। मगर गड़बड़ तब हुई जब उन्होंने वहां स्थायी निवास के लिए आवेदन किया। वहां के अधिकारियों ने देखा कि वे जिस कालेज में दाखिले के लिए आए थे, उसके बजाय दूसरे कालेज से पढ़ाई की और वहां रह कर काम करते रहे। फिर उन्होंने उन छात्रों को फर्जी तरीके से वहां रहने का दोषी करार देते हुए वापस भेजने का आदेश जारी कर दिया। ऐसे करीब सात सौ युवा हैं। अच्छी बात है कि कनाडा के संबंधित प्राधिकार ने इस मामले को समझा और वहां फंसे युवाओं को वापस भेजने के अपने फैसले पर रोक लगा दी। यह पहली बार नहीं है, जब विदेश भेजने वाले एजंटों के फजीवाड़े के चलते भारतीय नागरिकों को दूसरे देशों में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय युवाओं को ब्रिटेन और कनाडा जैसे देश इसलिए आकर्षित करते हैं कि वहां जाना आसान है और कुछ पैसे लेकर एजंट लोगों को वहां आसानी से भेज भी देते हैं। मगर कुछ दिनों बद जब उन्हें वहां स्थायी निवास की अनुमति नहीं मिलती, तो इधर-उधर भटकना और दूसरे फजीवाड़ों का सहारा लेना पड़ता है। खासकर पंजाब और हरियाणा के युवाओं में कनाडा और ब्रिटेन जाने की ललक कुछ अधिक देखी जाती है। इसका फायदा एजंसियां उठाती हैं और भारी-भरकम रकम लेकर उन्हें वहां भेज भी देती हैं। कुछ साल पहले ऐसे ही फजीवाड़े करने वाली कुछ एजंसियों को पकड़ा गया था, जिसमें कई नामचीन लोगों के भी हाथ पाए गए। तब सरकार ने इस धंधे पर रोक लगाने का संकल्प लिया था, मगर अब तक ऐसा कुछ नहीं हो पाया है। विद्यार्थियों का विदेश में पढ़ाई के लिए आना-जाना कोई गुनाह नहीं है। मगर जब किसी वजह से कुछ युवा एजंटों के जरिए फर्जी तरीके से दूसरे देशों में पहुंचते हैं, तभी मुश्किल होती है। चिकित्सा विज्ञान जैसे कुछ पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए तो प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं, इस तरह उनमें पंजीकृत कराने और बाहर दाखिले के लिए जाने वाले छात्रों के बारे में विदेश मंत्रालय के पास आंकड़ा रहता है। मगर जो फर्जी दस्तावेजों पर वहां जाते हैं, मुश्किलें उनके सामने ही खड़ी होती हैं। विदेशमंत्री ने कहा तो है कि कनाडा में निर्वासन का भय झेल रहे छात्रों का दोष नहीं है, मगर इसके लिए जो लोग दोषी हैं, क्या उन पर नकेल कसने की कोई तैयारी है, ताकि आगे ऐसी समस्या न पैदा हो!

# आतंकी संगठन अपनी रणनीति में कर रहे हैं बदलाव

कश्मीर घाटी में अपनी मौजूदगी बनाए रखने और साजिशों को अंजाम देने के मकसद से आतंकी संगठन पिछले कुछ समय से अपनी रणनीति में तेजी से बदलाव करते देखे जा रहे हैं। अभी भारतीय सेना ने खुलासा किया कि घाटी में सक्रिय आतंकी संगठन संचार के पारंपरिक संसाधनों के बजाय महिलाओं, लड़कियों और किशोरों के जरिए सूचनाएं पहुंचा रहे हैं। उन्हीं के माध्यम से हथियारों और मादक पदार्थों आदि की पहुंच भी सुनिश्चित कर रहे हैं। सेना ने इसे एक खतरनाक प्रवृत्ति माना है। इसमें पाकिस्तानी खुफिया एजंसी आइएसआइ की संलिप्तता के भी प्रमाण जुटाए हैं। आतंकवादियों के संदेशवाहक के रूप में काम कर रहे ऐसे कई लोगों को पकड़ा भी जा चुका है। इससे निपटने के लिए नई रणनीति के तहत सभी सुरक्षाबलों को सचेत कर दिया गया है। दरअसल, पिछले कुछ सालों से आतंकी संगठनों के संचार माध्यमों से सूचनाओं के आदान-प्रदान पर भारतीय सुरक्षा बलों और खुफिया एजंसी की पैनी नजर बनी हुई है, इस तरह उनकी साजिशों के बारे में पहले ही जानकारी मिल जाती रही है। इस तरह उनके ठिकानों पर हमला या उनकी घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने या मार गिराने में काफी कामयाबी मिली है। ऐसे में स्वाभाविक ही, आतंकियों ने पारंपरिक संचार माध्यमों का रास्ता छोड़ कर सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए मासूम लोगों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। आतंकवादियों के इस तरह महिलाओं, किशोरों और बच्चियों के इस्तेमाल से कई गंभीर सवाल उठते हैं। इससे एक तो यह स्पष्ट है कि स्थानीय स्तर पर आतंकवादियों का समर्थन पहले से बढ़ा है। कट्टरपंथ को रोकने के जितने भी उपाय आजमाए गए, वे कारगर साबित नहीं हुए हैं। यही वजह है कि कट्टरपंथी मासूम लोगों को बरगलाने में कामयाब हो रहे हैं और फिर उनका इस्तेमाल आतंकवादी अपनी साजिशों के लिए कर रहे हैं। जब तक स्थानीय लोगों का आतंकियों को समर्थन बंद नहीं होता, तब तक आतंकवाद की जड़ें समाप्त करना चुनौती बनी रहती है। पिछले साल खुद केंद्रीय गृहमंत्रालय ने स्वीकार किया था कि जिन दिनों जम्मू-कश्मीर में संचार सेवाएं ठप थीं, पूरी घाटी में कर्फ्यू का आलम था, उस दौरान भी आतंकी संगठनों में कश्मीरी युवाओं की भर्ती पहले की तुलना में कुछ अधिक हुई। अब अगर महिलाएं भी उनके सहयोग में शामिल दिखने लगी हैं, तो निश्चित रूप से यह गंभीर चिंता का विषय है। यह भी छिपा तथ्य नहीं है कि कश्मीर घाटी में आतंकी संगठनों को प्रश्रय पाकिस्तान की तरफ से मिलता रहा है। सीमा पार चल रहे आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर भारतीय सेना की लगातार नजर बनी रहती है। फिर भी सवाल है कि कैसे हथियारों, पैसे, मादक पदार्थों आदि की पहुंच उधर से इधर हो पा रही है। सड़क मार्ग से तिजारत बंद है, सीमा पर चौकसी चुस्त है, फिर भी अगर आइएसआइ और पाकिस्तान में जड़ें जमाए आतंकी संगठन घाटी में अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो पा रहे हैं, तो यह केवल मासूमों को संदेशवाहक के रूप में इस्तेमाल करके संभव नहीं हो सकता। पिछले कुछ महीनों में सेना के काफिले या उनके ठिकानों पर जिस तरह के आतंकी हमले हुए हैं, उनमें जिस तरह के साजो-सामान का उपयोग किया गया है, कैसे दहशतगर्दों तक पहुंचा और इसकी भनक तक खुफिया एजंसियों को नहीं मिल पाई, यह बड़ी चुनौती है। इसलिए सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए मासूमों के इस्तेमाल पर नजर रखने के साथ-साथ आतंकवादियों की बदलती रणनीति को भी बारीकी से समझने की जरूरत है।

# पंचायत चुनाव तृणमूल के लिए अहम इम्तिहान



भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव में उतरेगी जिसे वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी के लिए एक अहम परीक्षा माना जा रहा है। टीएमसी नेतृत्व का मानना है कि लोकसभा और ग्रामसभा चुनावों का असर अलग-अलग हो सकता है। हालांकि, राज्य की अधिक से अधिक संसदीय सीट हासिल करने के लिए बंगाल के ग्रामीण इलाकों में जीत दर्ज करना महत्त्वपूर्ण है।

राज्य के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आठ जुलाई को होने वाले हैं, जिसमें 5.67 करोड़ मतदाता शामिल हैं, जो जिला परिषदों, पंचायत समितियों और ग्राम पंचायतों की लगभग 74,000 सीट के लिए प्रतिनिधियों का चयन करने के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे। राज्य की 42 लोकसभा सीट में से अधिकांश ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण क्षेत्र पंचायतों द्वारा प्रशासित हैं। ऐसे में, इन सीटों पर जीत दर्ज करने वाला दल अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ सकता है। सौगत राय ने कहा, हमारी पार्टी एक अहम दौर से गुजर रही है। चूंकि पंचायत चुनाव पार्टी के चुनाव चिह्न पर लड़े जाते हैं, इसलिए इससे संबंधित दलों के प्रभाव और कमजोरी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

टीएमसी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है ताकि 2018 के पंचायत चुनावों के दौरान हुई हिंसा जैसी स्थिति दोबारा नहीं हो। पांच साल पहले हुए ग्रामीण चुनावों में, टीएमसी ने 90 फीसद पंचायत सीट और जिला परिषदों की सभी 22 सीट पर जीत दर्ज की थी। हालांकि, ये चुनाव व्यापक हिंसा और कथित कदाचार से प्रभावित थे और तब विपक्ष ने आरोप लगाया था कि उन्हें राज्यभर में कई सीट पर नामांकन दाखिल करने से रोका गया। राय ने कहा, राज्य निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है। पार्टी नेतृत्व ने जमीनी कार्यकताओं को पहले ही बता दिया है कि यह सुनिश्चित करना होगा कि चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। हमारे नेता अभिषेक बनर्जी बार-बार यह कहते रहे हैं। लोकसभा में टीएमसी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि स्थानीय नेताओं को पार्टी आलाकमान के निदेशों को जमीनी स्तर पर लागू करना चाहिए।


उन्होंने कहा, पंचायत चुनाव और उनके परिणाम लोकसभा चुनाव को प्रभावित करते हैं। भले ही हम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा किए गए विकास कार्यों के आधार पर पंचायत चुनाव जीतने के लिए आश्वस्त हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना होगा कि परिणामों के माध्यम से जनादेश और राय परिलक्षित हो। तृणमूल कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा कि पंचायत चुनाव टीएमसी के जनसंपर्क अभियान तृणमूल एह नबोजोवार (तृणमूल में नई लहर) की सफलता का भी परीक्षण होगा, जिसका नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी कर रहे हैं। अभियान का उद्देश्य लोगों से उनके पसंदीदा उम्मीदवारों पर प्रतिक्रिया मांगना है, जिन्हें पार्टी चुनावी मैदान में उतारेगी। टीएमसी नेताओं के अनुसार, पंचायत चुनाव ऐसे समय में होंगे जब उसके कई वरिष्ठ नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में हैं, जिनकी जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की जा रही है।

राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के उपनेता सुखेंदु शेखर राय ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप पार्टी के जनसमर्थन को नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे। उन्होंने दावा किया, भाजपा द्वारा बदले की भावना के कारण टीएमसी नेताओं को केंद्रीय एजंसियों द्वारा गिरफ्तार किया गया है, लेकिन इस तरह पार्टी को 2014 में बंगाल से अधिकतम सीटें जीतने से नहीं रोका जा सकता। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर चौधरी ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेतृत्व यह संदेश भेजने की कोशिश करने में लगा है कि वह बंगाल में अजेय है, और इसीलिए या तो वह ऐसी स्थिति बनाना चाहता है जहां विपक्षी दल नामांकन दाखिल करने में असमर्थ हों या उन्हें बल प्रयोग के जरिये ऐसा करने ही न दिया जाए।राजनीतिक विश्लेषक मैदुल इस्लाम ने कहा कि अगले साल होने वाले आम चुनाव के संदर्भ में टीएमसी के लिए ग्रामीण चुनाव बहुत महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि 80-85 फीसद लोकसभा सीट में ग्रामीण मतदाता हैं। टीएमसी के वरिष्ठ नेता और सांसद सौगत राय ने कहा, पंचायत चुनावों की व्यापकता को देखते हुए, यह न केवल हमारे खिलाफ बेबुनियाद बातों की पृष्ठभूमि में जन समर्थन की परीक्षा होगी बल्कि बंगाल में 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक कसौटी भी होगी। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने कहा कि टीएमसी की किसी भी तरह से सभी को अपने पाले में करो के रवैये ने बंगाल में स्थानीय निकाय चुनावों को तमाशे में बदल दिया है। घोष ने आरोप लगाया, राज्य निर्वाचन आयोग ने नामांकन दाखिल करने के लिए सिर्फ सात दिन का समय दिया है, जो टीएमसी की मदद करने के लिए है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर चौधरी ने आरोप लगाया कि टीएमसी नेतृत्व यह संदेश भेजने की कोशिश करने में लगा है कि वह बंगाल में अजेय है, और इसीलिए या तो वह ऐसी स्थिति बनाना चाहता है जहां विपक्षी दल नामांकन दाखिल करने में असमर्थ हों या उन्हें बल प्रयोग के जरिये ऐसा करने ही न दिया जाए।

# महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार

महिला सशक्तिकरण की दिशा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना को लेकर जिस प्रकार का उत्साहजनक वातावरण मातृशक्ति के बीच में बना हुआ है, उससे इस योजना की आवश्यकता एवं महत्व ध्यान में आ रहा है। अभी हाल में ग्वालियर प्रवास के दौरान विभिन्न वर्गों की माताओं-बहनों से बातचीत के बाद दो बातें अनुभव में जुड़ी हैं। एक, महिलाओं के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लोकप्रियता गजब की है। यह मामला केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं है, अपितु उन्हें मुख्यमंत्री पर अटूट विश्वास भी है। दो, उनका मानना है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के लिए जितनी योजनाएं शुरू कीं, उतनी किसी और ने कभी नहीं की हैं। बेटी के जन्म से लेकर उसके विवाह और उसके बाद के जीवन की भी चिंता सरकार ने की है। शिवराज सरकार बेटी के साथ माँ का ध्यान भी रखती है। निःसंदेह, शिवराज सरकार अपने पहले कार्यकाल से ही स्त्री सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत दिखी है। मध्यप्रदेश सरकार की महिला नीति को देखने से ध्यान आता है कि यह सरकार सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक रूप से महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। बेटी बचाओ अभियान, लाड़ली लक्ष्मी योजना, स्वागतम् लक्ष्मी योजना, गाँव की बेटी योजना, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, कन्या अभिभावक पेंशन योजना, उषा किरण योजना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अतिरिक्त कई अन्य कार्यक्रम एवं योजनाएं हैं, जिनके माध्यम से सरकार हर कदम पर महिलाओं के साथ खड़ी नजर आती है। स्त्री सशक्तिकरण की इसी श्रृंखला में लाड़ली बहना योजना भी जुड़ गई है।

मध्यप्रदेश सरकार ने बेटियों के प्रति संवेदनशील जननेता शिवराज सिंह चौहान के जन्मदिन प्रसंग पर यानी 5 मार्च 2023 को लाड़ली बहना योजना की शुरूआत की। योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये यानी 12 हजार रुपये वार्षिक आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। इस योजना की पहली किस्त 10 जून को पात्र महिलाओं के खातों में पहुँच जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि आगे चलकर योजना का आकार बढ़ेगा और महिलाओं की दी जाने वाली राशि में भी बढ़ोतरी हो सकती है। जैसे मध्यप्रदेश के किसानों को किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 10 हजार रुपये वार्षिक (6 हजार केंद्र और 4 हजार प्रदेश सरकार की ओर से) प्राप्त होते हैं। बहरहाल, मुख्यमंत्री पहले दिन से योजना के क्रियान्वयन पर नजर रख रहे हैं। कोई पात्र महिला योजना से वंचित न रह जाए, इसके लिए मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेशभर में शिविर लगाकर महिलाओं के आवेदन प्राप्त किए गए। योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की आर्थिक रुकावट न आए, इसलिए पहले से ही बजट में भी योजना के लिए 8 हजार करोड़ रुपये



का प्रावधान कर दिया था। लाड़ली लक्ष्मी योजना ने जिस प्रकार समाज में बेटियों के प्रति एक सकारात्मक वातावरण बनाने का काम किया है, उसी तरह की उम्मीद लाड़ली बहना योजना से भी है। इस योजना के तीन मुख्य उद्देश्य हैं- एक, महिलाओं के स्वावलम्बन एवं उनके आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार को बनाये रखना। दो, महिलाओं को आर्थिक रूप अधिक स्वावलम्बी बनाना। तीन, परिवार स्तर पर निर्णय लिये जाने में महिलाओं की प्रभावी भूमिका को प्रोत्साहित करना। यदि यह योजना अपने इन उद्देश्यों की पूर्ति में कुछ हद तक भी सफल होती है, तब समाज में एक क्रांतिकारी बदलाव दिखायी देगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उचित ही कहते हैं कि ह्लअगर बहनें, महिलाएँ सशक्त होंगी तो समाज सशक्त होगा, समाज सशक्त होगा तो प्रदेश सशक्त होगा और प्रदेश सशक्त होगा तो देश भी सशक्त होगा। बिना आधी आबादी के सशक्तिकरण के देश मजबूत नहीं हो सकता। यकीनन देश के विकास में मातृशक्ति की हिस्सेदारी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह योजना आर्थिक दृष्टि से महिलाओं के हाथ मजबूत करेगी। उल्लेखनीय है कि शहरी क्षेत्र में 55.9 प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले केवल 13.6 प्रतिशत महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी रही है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में 57.7 प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले केवल 23.3 प्रतिशत महिलाओं की ही श्रम बल में हिस्सेदारी है। स्पष्ट है कि आर्थिक स्वावलंबन में महिलाएं पीछे हैं। इस कारण महिलाएं स्वयं के लिए भी आवश्यक खर्च नहीं कर पाती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (2020-21) के आंकड़ों को देखें, तो ध्यान आता है कि 15-49 वर्ष आयुवर्ग की 54.7 प्रतिशत महिलाओं में खून की कमी है और 23.0 प्रतिशत महिलाएं मानक बॉडी मास इन्डेक्स से कम स्तर पर है। सरकार का मानना है कि महिलाओं को आर्थिक सहायता मिलेगी, तो वे न केवल अपने स्वास्थ्य की अपितु स्वयं पर आश्रितों के स्वास्थ्य की चिंता भी कर पाएंगी। इसके अलावा महिलाएं प्राप्त आर्थिक सहायता से न केवल स्थानीय उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर स्वरोजगार/आजीविका के संसाधनों को विकसित करेंगी वरन परिवार स्तर पर उनके निर्णय लिये जाने में भी प्रभावी भूमिका का निर्वहन कर सकेंगी। देशभर में ऐसे अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं, जो बताते हैं कि महिलाओं ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर छोटी राशि के आधार पर स्वरोजगार के सक्षम प्रकल्प खड़े किए हैं।

## एक नजर इधर भीः ऐसा V होता है



इस वैज्ञानिक युग में अब भी, इंसान बना है अंधा। फूल फल रहा पाखंडवाद का, शहर गांव में धंधा।। सरकारी परमीशन का, नहीं है कोई झंझट। झाड़ फूंक की दुकान चल रही, सुबह-शाम निष्कंटक।।

रोग व्याधि से ग्रसित लोग, बाबा के बहकावे में। द्रव्य संग दारू मुर्गा लाते,चढ़ाते रोज चढ़ावे में।। छोड़ दवाई ओझाई के चक्कर में बहुतेरे। मरता क्या न करता सचमुच लगते हर दिन फेरे।

आन के आटा आन के घी पर, बाबा जी की जय जय होती।मरकीना की जगह पर लकदक, बेशकीमती कुर्ता धोती।।ठाट बाट का कहना ही क्या,काजू किस्मिस बादाम चबैना। गूदेदार मखमली सेज पर,कटता दिन और कटती रैना।। सेवादारों में होड़ लग जाती, बाबा का चरण दबाने में। उत्सव भी महोत्सव बन जाता, पीने और पिलाने में।।

**गौरीशंकर पाण्डेय सरस**

# कई फसलों की एमएसपी बढ़ाकर मोदी सरकार ने जीत लिया देश के किसानों का दिल

केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। देखा जाए तो एक दशक पहले यानी कि 2010-11 की तुलना में एमएसपी में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है तो कृषि लागत में भी बढ़ोतरी हुई है। खरीफ फसलों में वैसे तो सबसे अधिक तिल की एमएसपी में 805 और मूंग के भावों में 803 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। कहा यह भी जा रहा है कि धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल, रामतिल व कपास सभी के भावों में लागत से 50 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतरी की गई है। अच्छी बात यह मानी जा सकती है कि अब केद्र सरकार बुवाई आरंभ होने से पहले ही फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी की सरकारी खरीद की न्यूनतम दर तय कर देती है। हालांकि विचारणीय प्रश्न और किसान संगठनों के आंदोलन का एक प्रमुख कारण यह था कि जिस तरह से सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है ठीक इस तरह की व्यवस्था सुनिश्चित कर दे कि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से मण्डी में भाव कम आएं तभी सरकारी खरीद बिना किसी ना नुकर के आरंभ हो जाए।

इस तरह की व्यवस्था पहले से ही तय हो जाए तो फिर एमएसपी का अन्नदाता को पूरा-पूरा लाभ मिल सकता है। दरअसल यक्ष प्रश्न यह हो गया है कि सरकारी खरीद कब से आरंभ हो और किस जिंस की हो। दरअसल और खासतौर से खरीफ अनाज यानी बाजरा, रागी, मक्का आदि का न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने के लिए किसानों को सबसे अधिक परेशानी होती है। बहुत अधिक जोर देने पर बाजरा की खरीद कभी तो आरंभ हो जाती है व कभी मांग यों ही निकल जाती है।

सवाल यह है कि जब सरकार एमएसपी घोषित करती है तो उसी दिन यह व्यवस्था भी सुनिश्चित हो जानी चाहिए कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी राशि तो काश्तकार को मिले ही मिले। इसके लिए उसे किसी की ओर ताकना नहीं पड़े। किसान आंदोलन के दौरान सबसे महत्वपूर्ण विवाद का कारण एमएसपी व्यवस्था जारी रखने की गॉरन्टी रही। सरकार का दावा रहा है कि एमएसपी व्यवस्था किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हो रही है। दरअसल एमएसपी व्यवस्था को लेकर एक खासतौर से विवाद की स्थिति बनी हुई है। किसानों को



कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में पहली बार 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी गठित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की ओर कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है तो हरियाणा सरकार भी केरल की तरह सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है। एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फामूर्ला सुझाते हुए सुझाव दिया कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। एमएसपी की सिफारिश करते समय सीएसीपी द्वारा देश के अलग-अलग हिस्सों में फसल के अनुसार प्रति हैक्टेयर लागत, खेती के दौरान अन्य खर्चों, भण्डारण की स्थिति, विदेशों में उपलब्धता आदि पैमाने पर आकलन कर प्रत्येक फसल की एमएसपी की सिफारिश की जाती है। 2004 में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने 2018-19 में उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक मूल्य घोषित करने का निर्णय किया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा एमआईएस यानी कि बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत एमएसपी के दायरे में नहीं आने वाली फसलों की खरीद की व्यवस्था करती आई है। लहसुन की खरीद, प्याज की खरीद आदि इसका उदाहरण है। देश के अधिकांश प्रदेशों में एमएसपी पर खरीद व्यवस्था का विश्लेषण किया जाए तो कुछ दशकों पहले तक स्थितियां बिल्कुल अलग रही हैं। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारू संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है।

# टीम ने एक ईंट भट्ठा को किया सीज, दो भट्ठों से वसूले साढ़े 4 लाख रुपये का राजस्व

## भट्ठे से दो ट्रैक्टर को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

प्रखर जौनपुर। जिलाधिकारी के आदेश पर केराकत एसडीएम नेहा मिश्रा की अगुवाई में राजस्व विभाग, खनन विभाग, जीएसटी विभाग, श्रम विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को केराकत तहसील के चार ईंट भट्ठे पर छापा मारा, जहां कमियां पाए हाने पर एक ईंट भट्ठा सीज कर दिया तो दो ईंट भट्ठों साढ़े चार की राजस्व वसूली की गयी। एसडीएम नेहा मिश्रा की अगुवाई में टीम ने देवकली में गगन मार्क ईट भट्ठा की जांच में यह पाया गया कि यह ईट भट्ठा किसी भी विभाग में पंजीकृत नहीं है जीएसटी विभाग, श्रम विभाग जिला पंचायत विभाग तीनों विभागों में किसी भी विभाग में व्यापारी द्वारा पंजीयन प्राप्त नहीं किया गया है जांच के पूर्व संग्रह अमीन द्वारा ईट भट्ठा मालिक को अवगत करा दिया गया था कि वह भट्ठे पर मौजूद रहेंगे परंतु भट्ठा मालिक अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम ने उनके दूरभाष नंबर पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु उनका मोबाइल नंबर स्विच ऑफ पाया गया। मौके पर मौजूद दो ट्रैक्टर ट्राली थाना केराकत को सुपुर्द करते हुए थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी महोदय के अग्रिम आदेश तक भट्टे पर कोई भी कार्य निकासी ,पथई, फुंकाई खरीद बिक्री आदि का कार्य नहीं किया जाएगा। मौके पर लगभग एक लाख कच्ची ईंट नष्ट कराई गई तथा ईट भट्टे को अग्रिम आदेश तक सीज कर दिया गया है। वहीं खुज्जी में आरके ईट भट्ठा द्वारा 1.84 लाख रुपए का विनियमन शुल्क, 1.00 लाख का जीएसटी चेक दिया गया तथा 16,000 जिला पंचायत शुल्क मौके पर जमा कराया गया। बाबा एंड आशीष ईट भट्टा खुज्जी द्वारा 1.54 लाख विनियमन शुल्क का चेक दिया गया। राज ईंट उद्योग देवकली सब ठीक पाया गया। इस मौके पर एसडीएम नेहा मिश्रा के साथ जिला खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त राज्य कर मनीष राय, लेबर इंफोर्समेंट अधिकारी नेहा यादव आदि रहे।



## बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर डेयर संस्था द्वारा आवासी बच्चों के साथ रैली निकाला एवं लोगों को बाल श्रम ना कराने के लिए किया जागरूक

प्रखर वाराणसी। बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर डेयर संस्था द्वारा सिटी रेलवे स्टेशन के बाहर शाम 4:00 बजे से संस्था द्वारा चलाए जा रहे हैं अनौपचारिक शिक्षा केंद्र जैसे खरबूजा बस्ती बनारस तेलियाना फाटक काशी स्टेशन और सारनाथ संस्था में आवासी बच्चों के साथ रैली निकाला रैली में नारा और फ्लाई कार्ड के माध्यम से लोगों को बाल श्रम ना कराने के लिए जागरूक किया गया रैली में लगभग 100 बच्चे उपस्थित रहे।

डेयर संस्था के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर फादर लीजो ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि हमारी संस्था का जो सबसे बड़ा मकसद है वह यह है कि ज्यादा से ज्यादा जो भी बच्चे सड़क पर भीख मांगते हैं यह बोतल वगैरह बीनते हैं ऐसे बच्चों को हमारी संस्था उनको एक प्लेटफार्म देने का काम करती है ऐसे बच्चे को जो पढ़ लिख नहीं पाते हैं छोटेपन में ही मजदूरी वगैरह करने लगते हैं हमारी संस्था ऐसे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनको पढ़ाती लिखाती है और उनको बेहतर इंसान बनाती है ताकि वह बड़े होकर अपने मां-बाप का नाम रोशन करें और उनका सहारा बने। आगे फादर लीजो ने बताया कि यह सारे बच्चे सारनाथ शेल्टर होम से आए हुए है हमारी संस्था ने जगह-जगह अनौपचारिक शिक्षा केंद्र खोले हुए हैं जैसे सारनाथ काशी बनारस जहां पर बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने आगे बताया कि भारत में इस तरह के काफी बच्चे हैं लेकिन हमारी संस्था सभी का तो इंतजाम कर नही पाएगी लेकिन हमारी संस्था कुछ चुनिंदा जगहों से बच्चों को लाती है और उनके सुनहरे जीवन को बेहतर बनाने का काम करती है। आखिर में उन्होंने बताया कि बच्चों के माता-पिता से बस यही कहना चाहता हूं कि अपने बच्चों के जीवन को बर्बाद ना करें और उनसे इस तरीके का कोई भी काम ना लें जिससे उनका भविष्य खराब हो उनके बेहतर भविष्य को बनाने के लिए संस्था की तरफ आए और संस्था से जितना भी बन पड़ेगा संस्था उन बच्चों को आगे बढ़ाने का काम करेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोऑर्डिनेटर फादर लीजो ई एच हाशमी स्टेशन अधीक्षक श्रीमती शैल पांडे हरिहर राम मनीष कुमार सहयोग पूछताछ गुंजन कुमार संजीव कुमार इत्यादि लोगों की उपस्थिति रही।

## पंचायत भवन सोनवर्षा खुर्द से इन्वर्टर बैटरी हुआ चोरी

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। राजगढ़ विकास खंड में स्थित स्थानीय थाना क्षेत्र के सोनवर्षा खुर्द ग्रामपंचायत भवन का ताला तोड़कर चोर सोमवार की रात्रि इन्वर्टर बैटरी सहित अन्य सामान उठा ले गए। ग्राम प्रधान राम ललित ने बताया की रात्रि में चोरों ने पंचायत भवन के दरवाजे का ताला तोड़कर उसमें रखे इन्वर्टर बैटरी उठा लें सुबह सफाई कर्मचारी पहुंचा तो पंचायत भवन का ताला टूटा हुआ था बाहर का गेट खोलकर अंदर देखा तो कमरें का दरवाजा खुला हुआ था इसकी सूचना ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी को दी सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे और चोरी की लिखित सूचना इमिलिया चट्टी चौकी पर दी गई । पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। ग्राम प्रधान ने बताया की चोर बैटरी इन्वर्टर तो उठा लें , वहीं बगल के कमरें का भी दरवाजा खोलने का प्रयास किए लेकिन दरवाजा खुला नहीं जिसमें कंम्पयूटर लगा था, नहीं तो कंप्यूटर पर भी हाथ साफ कर देते चोरी की इस तरह कि घटनाएं जमालपुर ब्लाक में तेजी से हो रही थी लेकिन अब चोरों का गैंग राजगढ़ ब्लाक में भी सक्रिय हो गया है। चोरी कि घटनाओं को लेकर पुलिस के हाथ है खाली। थानाध्यक्ष कुमुद शेखर सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है ।

# 15 दिवसीय अभियान के तहत हुआ मिशन शक्ति का आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा व उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन में महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में मिशन शक्ति, महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत थानो पर गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड व थाने पर नियुक्त महिला बीट आरक्षी द्वारा थाना क्षेत्र के बीट, गांव स्कूल, कॉलेज, पंचाय भवन में बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है । इसी क्रम में मंगलवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत डीलिया के पंचायत सचिवालय भवन पर पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर द्वारा गांव की बच्चियों तथा महिलाओं को महिला सशक्तीकरण, मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया। तथा बच्चियों एवं महिलाओं को उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया, बच्चियों एवं महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा , 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थें।



# संयुक्त किसान मोर्चा के आहवाहन पर भाकियू ने 6 सूत्री मांग पत्र राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसील प्रशासन को सौंपा

प्रखर मिजार्पुर। चुनार तहसील मुख्यालय चुनार पर कंचन सिंह फौजी के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण कार्यालय के सामने 23 अप्रैल से किसान अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए शांति पूर्वक धरना दे रहे थे। भूमि अधिग्रहण के बाद किसानों को 10% विकसित भूमि का प्लाट देने वाला समझौता पूर्व में हुआ था जिसको उच्च न्यायालय इलाहाबाद में पेश कर न्यायालय का आदेश हो चुका था। लेकिन प्राधिकरण ने मात्र 6% विकसित प्लाट दिया है। किसान पूरा 10% प्लाट दिए जाने की मांग कर रहे थे। भूमिहीनों को 40 वार्गमीटर का प्लाट दिए जाने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को लागू कर बाजार रेट का चार गुना देने, बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने आदि की मांग कर रहे थे। मांगों पूरा करने के बजाय प्राधिकरण प्रशासन ने हठ धर्मिता अपनाई और तानाशाही पूर्वक किसानों के आंदोलन को कुचलना चाहा। रात के अंधेरे में कायरता दिखाते हुए आंदोलनरत 33 किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हरियाणा में सूरजमुखी की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदऔर एमएसपी की गारंटी की मांग कर रहे किसानों पर हरियाणा सरकार ने लाठी डंडे बरसा कर दमन का रास्ता अपनाया और संयुक्त किसान मोर्चा के प्रमुख किसान नेता गुरुनाम सिंह चढूनी सहित दर्जनों किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हमारा आपसे अनुरोध है कि लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखते हुए

1. गिरफ्तार किसानों को रिहा किया जाय
2. किसानों की जनहित की मांगों को पूरा कराया जाए।
3. सूरजमुखी की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए हरियाणा सरकार को निर्देशित करें।
5. एमएसपी की गारंटी कानून बने
6. किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं।



आज के इस कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव प्रहलाद सिंह ,सिद्धनाथ सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष ,धर्मेंद्र सिंह जिला मीडिया प्रभारी ,तहसील अध्यक्ष रामबृक्ष सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष जमालपुर रतनलाल चौरसिया, ब्लॉक अध्यक्ष नारायणपुर ओमप्रकाश सिंह, रामप्यारे सिंह ब्लॉक उपाध्यक्ष , वंश नारायण सिंह, बृजेश पटेल ,रामवृक्ष सिंह, रामचंद्र व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सवमें उत्तर प्रदेश के ३८ संगठनों से ९६ प्रतिनिधि आमंत्रित!

प्रखर वाराणसी। गोवा में गत 11 वर्षों से हो रहे अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशनके कारण हिन्दू राष्ट्र की चर्चा अब केवल भारत में ही नहीं, अपितु वैश्विक स्तर पर प्रारंभ हो गई है। इसमें अब हिन्दू राष्ट्र की मांग करनेवाले अनेक व्यासपीठ निर्माण हुए हैं; तो दूसरी ओर देश में जिहादी आतंकवादियों के समर्थकों की भारी संख्या में गिरफ्तारी हो रही है। पंजाब में खलिस्तानवादी पुलिस-प्रशासन को आवाहन दे रहे हैं, हिन्दू कार्यकताओं की हत्या कर रहे हैं; तो मणिपुर, नागालैंड जैसे राज्यों में हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं। कश्मीर से धारा 370 हटा दी गई है, तब भी वहां के हिन्दू सुरक्षित नहीं हो पाए। देशभर में साक्षी, अनुराधा, श्रद्धा वालकर जैसी असंख्य हिन्दू लडकियों की लव जिहादियों द्वारा होनेवाली निर्घृण हत्या को देखते हुए, ऐसा दिखाई देता है कि देश की परिसथिति अत्यंत गंभीर हो गई है। दी केरला स्टोरी इस फिल्म द्वारा प्रस्तुत वास्तविकता केवल केरल राज्यतक ही मर्यादित नहीं रही, अपितु इन जिहादियों के षड्यंत्र की व्यापित देशभर में उजागर हो रही है। एक ओर हिन्दुओं के भाषण करते ही तुरंत उन पर हेट स्पीचका अपराध प्रविष्ट किया जाता है; परंतु सर तन से जुदा करने की खुले आम घोषणा देनेवालों पर कार्रवाई होते हुए दिखाई नहीं देती । दूसरी ओर राष्ट्रीय जांच यंत्रणा की छानबीन में पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया एवं आइ.एस.आइ.एस. भारत को वर्ष 2047 तक इस्लामी राष्ट्र बनाने का षड्यंत्र रच रहे हैं, ऐसा उजागर हुआ है। ऐसी सथिति में हिन्दू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है जो समाज को जोड सकता है, विश्वबंधुत्व की एवं वसुधैव कुटुंबकमकी संकल्पना प्रस्तुत कर सकता है। इसलिए भारत के पुनः टुकडे नहीं होने देना है, तो भारत को आदर्श रामराज्य अर्थात हिन्दू राष्ट्र बनाने के अतिरिक्त विकल्प नहीं; इसीलिए हिन्दू राष्ट्र स्थापना के कार्य को गति देने के लिए प्रतिवर्ष समान 16 से 22 जून 2023 तक श्री रामनाथ देवस्थान, फोंडा, गोवा में एकादश अखिल भारतीय हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन अर्थात वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव आयोजित किया गया है, ऐसा हिन्दू जनजागृति समिति के धर्मप्रचारक सद्गुरु निलेश सिंगबाळजी ने पत्रकार परिषद में कहा। यहां के पराडकर भवन में आयोजित पत्रकार परिषद में व्यापार मंडल के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री. अजीत सिंह बग्गा तथा इंडिया विद विजडम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता कमलेश चंद्र त्रिपाठी भी उपसथित थे।

इस समय श्री. अजीत सिंह बग्गा जी ने कहा कि इस अधिवेशन में अनेक हिन्दुत्वनिष्ठ उद्योगपति भी सम्मिलित होनेवाले है; उद्योगपतियों का प्रभावी संगठन निर्माण करने के लिए वहां विचार-विनिमय करके एक योजना बनाई जाएगी, जिससे हिन्दू राष्ट्र स्थापना के कार्य को गति मिलेगी तथा हिन्दुत्वनिष्ठ संगठनों को बल मिलेगा। अधिवक्ता कमलेश चंद्र त्रिपाठी जी ने कहा, इस बार के अधिवेशन में हिन्दू राष्ट्र संसद इस विशेष सत्र का आयोजन किया गया है । विविध विषयों पर विशेषज्ञों के परिसंवाद, विशेष कार्य करनेवाले मान्यवरों की भेंटवार्ता भी इस बार के अधिवेशन का विशेष आकर्षण होगा।


# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने दी चेतावनी, 19 जून को होगी विशाल पदयात्रा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ब्लॉक इकाई मोहम्मदाबाद, भांवरकोल, बाराचवर, व कासिमाबाद द्वारा संयुक्त रूप से तहसील स्तरीय विभागीय सेवा नियमावली, पदोन्नति, पुरानी पेंशन अधिकार पदयात्रा कर माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार एवं माननीय प्रधानमंत्री जी भारत सरकार को संबोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद गाजीपुर को सौंपा गया। पदयात्रा का नेतृत्व मोहम्मदाबाद ब्लाक अध्यक्ष कन्हैयालाल राम, भावरकोल ब्लॉक अध्यक्ष हंसराज कुशवाहा, बाराचवर ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार यादव एवं कासिमाबाद ब्लाक अध्यक्ष विशाल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । इस दौरान जिला अध्यक्ष रोशनलाल भी मौजूद रहे और कहा कि हम लोगों की सात सूत्रीय मांगे जायज हैं और यदि हमारी मांगों का संज्ञान लेकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई नहीं प्रारंभ किया जाता है तो जनपद के सभी सफाई कर्मचारी 19 जून को विकास भवन से कचहरी तक विशाल पदयात्रा करेंगे। प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू ने कहा कि भारत सरकार की नौकरियों में 1 जनवरी 2004 से शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों को दी जाने वाली सामाजिक सुरक्षा यानी पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शेयर बाजार आधारित नवीन पेंशन व्यवस्था लागू कर दी गई है जो कर्मचारियों के हित में नहीं है। जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि जनपद व प्रदेश के सभी सफाई कर्मचारी नियमित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, विशेष परिस्थितियों में भी सफाई कर्मचारियों से कार्य लिया जाता है जिस को ध्यान में रखकर सफाई कर्मचारियों की विभागीय सेवा नियमावली बनाई जानी चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष भावरकोल हंसराज कुशवाहा ने कहा कि सफाई कर्मचारियों से विभिन्न तरीके का सर्वे कार्य, बीएलओ कार्य जनपद प्रदेश स्तर के कार्यालय में लिपिकीय कार्य लिया जाता है ऐसी स्थिति में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को प्रमोशन का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। मोहम्मदाबाद ब्लाक अध्यक्ष कन्हैयालाल राम ने कहा कि पुरानी पेंशन हम सभी कर्मचारियों का हक है और हम लोगों को मिलना चाहिए। बाराचवर ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार यादव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का पे रोल व्यवस्था समाप्त किया जाना चाहिए। कासिमाबाद ब्लॉक अध्यक्ष विशाल कुमार ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल नहीं हो जाती है तब तक हम लोग निरंतर समय-समय पर आंदोलन करते रहेंगे । जिला संयोजक अजय कुशवाहा ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को 1900 ग्रेड पे का लाभ दिया जाना चाहिए। पूर्व जिला मंत्री पंकज यादव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का नाम पंचायत सेवक किया जाना चाहिए। इस दौरान कासिमाबाद के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनिल कुमार, तहसील अध्यक्ष सुग्रीव राम, ब्लॉक मंत्री क्रमशः पंकज यादव अंजनी यादव, मंजय यादव, विरेंद्र सिंह यादव, कोषाध्यक्ष क्रमशः मुकेश कुमार रावत, प्रभुनाथ गोंड, जयप्रकाश खरवार, तौकीर अहमद, जिला कार्यकारिणी सदस्य लल्लन, महेश कुमार भारती, फागुनी राम, अंजू देवी, सीमा भारती, फगुनी राम, ईश्वर, रामनगीना, सहित लगभग 500 सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे अंत में पदयात्रा में सम्मिलित सभी सफाई कर्मचारियों का जिला अध्यक्ष रोशनलाल ने पद यात्रा को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया।



## संक्षिप्त खबरें

### केवी 39 जीटीसी में G 20, NEP20 व FLN पर आधारित जनभागीदारी कार्यक्रम का वर्चुअल आयोजन संपन्न



प्रखर वाराणसी। मंगलवार को जनभागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत" Blended Learning Covers all the objectives of Education." (मिश्रित रूप से सीखने से शिक्षा के सभी उद्देश्य पूर्ण होते हैं) विषय पर एक जनपद स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय वाराणसी कैण्ट द्वारा किया गया। इस आभासी संगोष्ठी में विद्याथियों, शिक्षकों के साथ अभिभावकगण भी जुड़े। एम हसन, प्रधानाध्यापक ने सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित सदस्यों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। जिला नोडल अधिकारी बैरिस्टर पाण्डेय, प्राचार्य, के. वि. वाराणसी कैण्ट ने अपने संबोधन में कहा कि 'उत्साह, प्रयास की जननी है और इसके बिना आज तक कोई महान उपलब्धि हासिल नहीं की गई है।' इसलिए विद्यार्थियों को उत्साह के साथ सफलता पाने का प्रयास निरंतर करते रहना चाहिए। प्रभारी एवं संचालक एच एन त्रिपाठी, स्नातकोत्तर शिक्षक (अंग्रेजी) ने विभिन्न विद्यालयों से शामिल हुए प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा- निर्देश देने के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में अपने-अपने उत्कृष्ट विचार पटल पर रखकर इस प्रतियोगता को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया।

### समाजवादी पार्टी द्वारा विवेक कहार को महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ बनाया गया



प्रखर रामनगर वाराणसी। समाजवादी पार्टी द्वारा विवेक कहार को महानगर अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ बनाया गया। विवेक कहार ने बताया कि मुझे पार्टी द्वारा अध्यक्ष बनाया गया है समाजवादी पार्टी के लिए दिन रात मेहनत करूंगा। लोगों ने विवेक जी को जोरदार स्वागत किए। बधाई देने वाले निवर्तमान नगर अध्यक्ष जितेन्द्र मलिक पार्षद रामकुमार राजू, संजय यादव, श्यामलाल यादव, आरती यादव, जय सिंह टाइगर, अजीत यादव, असरफ राईन,इस्तियाक अहमद, सुजीत सिंह,सुरेश मौर्य, जवाहर मौर्य,राजू सोनकर, कृष्मोहन यादव, विनोद यादव,अशोक सहनी,मुरारी लाल कश्यप,दिलीप कश्यप,इंजमामुल खान, इत्यादि।

### मदरसा शिक्षक की मौत विद्यालय परिसर में पसरा रहा सन्नाटा



प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। मदरसा अरबिया कासिमुल उलूम मंगरावा आजमगढ़ के सहायक अध्यापक (आलिया) अब्दुर्रहमान साहब का आज 3:00 बजे सुबह मे हृदयगति रुकने से देहांत हो गया है. विद्यालय परिवार के लोग और उसमें पढ़ने वाले छात्र एवम छात्राओं और आसपास के रहने वाले सभी के प्रिय थे लोगों के बीच एक अच्छा व्यक्तित्व रखने वाले ऐसे शिक्षक समाज में कम देखने को मिलते हैं जो हर वक्त समाज के बारे में सोचना, लोगों से नम्रता से बात करना या यह कहा जाए कि एक विनम्र स्वभाव के व्यक्ति थे जिनके स्वर्गवास के पश्चात क्षेत्र में लोग काफी दुखी हैं जिनकी मिट्टी नमाजे जनाजा जोहर के बाद दी गई। जिनकी मृत्यु पर समस्त विद्यालय परिवार शादाब,अकमल खान, रफीक अहमद,और सेक्रेट्री मुहम्मद महफूज खाँ , आदि ने दुखी मन से श्रदांजलि दी।

### पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किए गए पूर्व कर्मचारी नेता डीएन सिंह



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। डीएन सिंह ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जो सीमित साधनों में भी महत्वपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम थे। उन्होंने आजीवन सामाजिक मूल्यों का पालन करते हुए कर्मचारी हितों के लिए आदर्श मानदंडों और ईमानदारी को प्राथमिकता दी। वह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत व अनुकरणीय हैं। यह कहना है पूर्व सहायक अभियंता और वरिष्ठ नागरिक अरविन्द नाथ राय का। वे मंगलवार को फुल्लनपुर स्थिति आवास पर डीएन सिंह की आठवीं पुण्य तिथि पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक मंत्री चौधरी दिनेश चंद्र राय ने कहा कि डीएन सिंह की ओर से स्थापित आदर्श मानदंडों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने डीएन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए भी उन्होंने कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजीव कुमार सिंह ने कहा कि पिता स्व. डीएन सिंह आज भी कर्मचारियों और मजदूरों के दिल में बसते है, उनका जीवन मजदूरों एवं कमजोर वर्ग के कल्याण को समर्पित रहा है, उनहोंने अपने जीवन काल में निरंतर निस्वार्थ भाव से कमजोर वर्ग की मदद की है जिसका परिणाम है कि मजदूर, कर्मचारी आज भी उन्हें अपने रूह में बसाए हुए है, उनका सौम्यत? एवं सभी को एक समान देखने का नजरीया उन्हें दूसरो से अलग बनाता था। इस मौके पर अशोक कुमार उपाध्याय, अभय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, गायत्री सिंह, नारायण उपाध्याय, श्वेता सिंह, राजवीर सिंह, आशुतोष पाण्डेय, रविन्द्र नाथ तिवारी, रत्नेश कुमार राय, हिमांशु राय, आलोक कुमार सिंह, दीनानाथ, श्रीनिवास चौबे आदि मौजूद रहे।


# मानसिक स्वास्थ्य के लिए छुट्टी चाहिए



मेलबर्न (द कन्वरसेशन)। कई बार ऐसे दिन भी होते हैं जब आप काम नहीं करना चाहते, हालांकि आप शारीरिक रूप से बीमार नहीं होते। क्या आपको अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक दिन की छुट्टी चाहिए? यदि आप ऐसा करते हैं, तो क्या आपको अपने प्रबंधक को अपनी छुट्टी के बारे में सूचित करते समय सही कारण बताना चाहिए? यदि आप किसी संगठन या टीम में काम करते हैं जहां आप मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए सुरक्षित महसूस करते हैं, तो आप भाग्यशाली हैं।

मानसिक स्वास्थ्य के बारे में समझने और बात करने में तमाम तरह की प्रगति के बावजूद, इससे जुड़े भ्रम और पूर्वाग्रह अभी भी काफी प्रचलित हैं जो हममें से कई लोगों को स्वेच्छा से मालिकों और सहकर्मियों को यह बताने से रोकते हैं कि हम कब मानसिक परेशानी का सामना कर रहे हैं।मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां विभिन्न रूपों में आती हैं। कुछ के लिए यह एक गंभीर आजीवन संघर्ष होगा। कई अन्य लोगों के लिए यह तनाव की अधिकता से छुटकारा पाने और विश्राम की आवश्यकता का समय होगा।

विश्व स्तर पर, विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि लगभग 97 करोड़ लोग - लगभग आठ में से एक व्यक्ति - किसी भी समय मानसिक विकार से पीड़ित है, जिसमें लगभग 38 करोड़ चिंता-संबंधी विकार और लगभग 36 करोड़ अवसाद के मामले हैं।2019 के बाद से ये संख्या लगभग 25 फीसद बढ़ गई है, इस वृद्धि का श्रेय सामाजिक अलगाव, आर्थिक कठिनाई, स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और महामारी से जुड़े तनाव को दिया जाता है। व्यवसाय के अधिकारियों और प्रबंधकों के पास, बाकी आबादी की तरह, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों या कार्यस्थल में इसे प्रबंधित करने के कौशल के बारे में सीमित ज्ञान है। यह ब्लाइंड स्पॉट प्रबंधन अनुसंधान साहित्य में परिलक्षित होता है। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की प्रबंधकीय समझ का सबसे अच्छा हालिया अध्ययन 2014 से शुरू हुआ। इसमें पाया गया कि दस में से केवल एक मानव संसाधन पेशेवर और प्रबंधकों ने मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों वाले कर्मचारियों का समर्थन करने में आत्मविश्वास





महसूस किया। यहां तक कि जब प्रबंधक समझते हैं कि मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों वाले कर्मचारियों के खिलाफ अंतर्निहित पूर्वाग्रह हैं, तब भी वे नहीं जानते कि इसके बारे में क्या करना है।इसलिए, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि बहुत से कर्मचारी समझ की कमी और अपने करियर के संभावित नकारात्मक परिणामों के डर से, सहकर्मियों और प्रबंधकों को अपनी मानसिक चुनौतियों का खुलासा करने में अनिच्छुक रहते हैं।

**बातचीत करें: तो इसका क्या करें? हमारे शोध से पता चलता है कि नेतृत्व महत्वपूर्ण है। सभी संगठनों के लिए, सांस्कृतिक परिवर्तन नेताओं और प्रबंधकों द्वारा अपनी स्वयं की मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों के बारे में अधिक खुलकर बोलने से शुरू हो सकता है।भाषा विकल्प भी महत्वपूर्ण हैं। हम मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जिस तरह से बात करते हैं, उससे इसके बारे में हमारी सोच बदल सकती है। उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य आयोग, 'मानसिक बीमारी' के बजाय 'मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों' को संदर्भित करता है। इस तरह की रूपरेखा दूसरों को मानसिक स्वास्थ्य दिवस को एक ऐसी चीज के रूप में मानने में मदद कर सकती है जिसकी किसी को भी जरूरत हो सकती है, न कि कुछ ऐसे लोगों के लिए जो 'बीमार' हैं।**

**लगभग 97 करोड़ लोग - लगभग आठ में से एक व्यक्ति - किसी भी समय मानसिक विकार से पीड़ित है, जिसमें लगभग 38 करोड़ चिंता-संबंधी विकार और लगभग 36 करोड़ अवसाद के मामले हैं।**

## मधु मंटेना व इरा त्रिवेदी की शादी में पहुंचीं बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां

मुंबई (आईएएनएस)। फिल्म निर्माता मधु मंटेना और लेखक व योगा टीचर इरा त्रिवेदी रविवार को आधिकारिक तौर पर शादी के बंधन में बंध गए और बॉलीवुड के कई सितारे नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देने पहुंचे। जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए आने वाली हस्तियों में मंटेना की गजनी में लीड स्टार रहे आमिर खान, ऋतिक रोशन (सबा आजाद के साथ), अल्लू अर्जुन, कार्तिक आर्यन, राजकुमार राव और पत्रलेखा, विवेक ओबेरॉय, सारा अली खान, हुमा कुरैशी, सोनाक्षी सिन्हा और रकुल प्रीत सिंह शामिल रहीं।



सीनियर्स भी शादी में शरीक हुए। इनमें अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, अनुपम खेर, राकेश और पश्मीना रोशन, सुभाष घई, बोनी कपूर, सोनाली बेंद्रे, चंकी पांडे और गोल्डी बहल, मधुर भंडारकर और उनकी पत्नी आशुतोष और सुनीता गोवारिकर शामिल थे। इस स्टार गैदरिंग में पुलकित सम्राट और कीर्ति खरबंदा, जेनेलिया देशमुख, गौरी पंडित और निखिल द्विवेदी भी आए। नंदना सेन के साथ रिश्ते के बाद मधु मंटेना ने पहले मसाबा गुप्ता से शादी की थी। उन्होंने 2015 में शादी कर ली, लेकिन 2018 के अंत में इस कपल ने अलग होने की घोषणा और सितंबर 2019 में उनका तलाक हो गया। मसाबा ने बाद में इस साल जनवरी में मसाबा मसाबा शो में उनके पूर्व पति की भूमिका निभाने वाले सत्यदीप मिश्रा से शादी की।



## पुलिस को ईमानदार रखने के लिए एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली

**ब्रिसबेन।** शुरुआती हस्तक्षेप और बाहरी निरीक्षण पुलिस के व्यवहार को नियंत्रण में रखने तथा समस्याओं को शुरुआत में ही खत्म करने के दो प्रभावी तरीके हैं। अमेरिका में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या से लेकर ब्रिटेन में सिलसिलेवार रूप से बलात्कार की घटनाओं को अंजाम देने वाले और ऑस्ट्रेलिया में स्थानिक स्त्री जाति से द्वेष, लिंगवाद और नस्लवाद तक, हाल के वर्षों में पुलिस दुर्व्यवहार जांच के दायरे में आया है। पुलिसिंग की प्रकृति का मतलब है कि बड़ी संख्या में शिकायतें उत्पन्न हो सकती हैं। अधिकारी अपने व्यवसाय की प्रकृति के कारण भी कदाचार और भ्रष्टाचार के प्रति संवेदनशील होते हैं। वैश्विक महामारी के दौरान पुलिस की शक्तियों में वृद्धि और कोविड के बाद भर्ती अभियान के परिणामस्वरूप पुलिस के व्यवहार की बारीकी से निगरानी और अधिक आलोचना हुई है। अमेरिका दशकों से पुलिस द्वारा शक्ति का दुरुपयोग किए जाने के मामलों से जूझता रहा है।

ब्रिटेन में, इंग्लैंड और वेल्स में पुलिस पर जनता का विश्वास गिर गया है, विशेष रूप से अधिकारियों द्वारा घोर कदाचार और आपराधिक व्यवहार किए जाने के मद्देनजर, जिसमें हत्या, बलात्कार, धमकी, दुराचार, आक्रामक व्यवहार और कथित अपराधों की ठीक से जांच करने में विफलता शामिल है। क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया में, हाल की जांच में पुलिस शिकायत प्रणाली की व्यापक विफलताओं और आलोचनाओं की पहचान की गई है, विशेष रूप से शिकायतों की जांच में बढी हुई स्वतंत्रता की आवश्यकता के संबंध में। जनता शिकायतों को गंभीरता से सुने जाने और निष्पक्ष जांच की अपेक्षा करती है। अधिकतर शिकायतकर्ता इस बात पर सहमत हैं कि इसके लिए किसी बाहरी एजेंसी की आवश्यकता है। पुलिस विभागों को अपने अधिकारियों के चयन, प्रशिक्षण और अनुशासन की जिम्मेदारी लेने की भी आवश्यकता है। लेकिन बार-बार क्षेत्राधिकारों में, ईमानदारी से संबंधित 'न्यूनतम' रणनीतियां अपर्याप्त दिखती हैं। अधिक उन्नत निरीक्षण सहित पुलिस की सत्यनिष्ठा बनाए रखने के बेहतर तरीकों की अकसर आवश्यकता होती है। खराब प्रदर्शन और संबद्ध भ्रष्टाचार जोखिमों को रोकने के लिए पुलिस विभाग अधिकारियों के लिए ड्रग और अल्कोहल परीक्षण कार्यक्रम चला सकते हैं।




**ब्रिटेन में, इंग्लैंड और वेल्स में पुलिस पर जनता का विश्वास गिर गया है, विशेष रूप से अधिकारियों द्वारा घोर कदाचार और आपराधिक व्यवहार किए जाने के मद्देनजर, जिसमें हत्या, बलात्कार, धमकी, दुराचार, आक्रामक व्यवहार और कथित अपराधों की ठीक से जांच करने में विफलता शामिल है।**

## अंकिता लोखंडे ने मनाई घर की पहली एनिवर्सरी

मुंबई (वार्ता) । जानीमानी अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने अपने घर की पहली एनिवर्सरी मनायी है। अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन ने एक साल पहले मुंबई में अपना घर लिया था। अंकिता और विक्की ने अपने घर की पहली सालगिरह मनाई। इस मौके पर उन्होंने अपने घर पर खास जैन रीति-रिवाज से जुड़ी पूजा रखी। अंकिता ने सोशल मीडिया पर घर की पूजा सेरेमनी की कई तस्वीरें शेयर कीं,जिनमें उनका पूरा परिवार एक साथ जैन रीति-रिवाज से पूजा करता नजर आ रहा है। अंकिता लोखंडे ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, हमारी खुशहाल जगह को एक साल मुबारक हो। समय वास्तव में हवा के जैसे उड़ता है!' विक्की को मेंशन करते हुए उन्होंने लिखा- 'मुझे अभी भी याद है कि जब हमने यह घर खरीदा था। बेबी आप कितने एक्साइटेड और खुश थे, क्योंकि यह मुंबई में आपका पहला घर था।अंत में जिस दिन हम घर में शिफ्ट हुए, वो दिन कितना खूबसूरत और यादगार दिन था। यह 10-जून-22 था।

## तब्बू ने गोवा वेकेशन की तस्वीर शेयर की

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू ने अपने गोवा वेकेशन की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। तब्बू इन दिनों गोवा में वेकेशन मना रही हैं। तब्बू ने इंस्टाग्राम अकाउंट से गोवा वेकेशन की कई तस्वीरें शेयर की हैं। एम तस्वीर में तब्बू पार्क में बैठकर पोज देती नजर आ रही हैं। एक अन्य तस्वीर में तब्बू समंदर के किनारे नजर आ रही हैं। तब्बू की इन तस्वीरों पर शिल्पा शेट्टी ,मनीषा कोईराला और रकुल प्रीत सिंह ने कमेंट किया। शिल्पा शेट्टी ने लिखा,'ब्यूटी माय टिंपू।'मनीषा कोइराला ने कहा- 'उफ्फ।'रकुल प्रीत ने फायर इमोजी शेयर कर रिएक्ट किया।



## भारत की पहली महिला रेसलर कविता देवी पर बनेगी बायोपिक



मुंबई (वार्ता) । भारत की पहली महिला रेसलर कविता देवी पर बायोपिक बनायी जा रही है। कविता देवी ने पहली भारतीय महिला रेसलर के रूप में डब्ल्यूडब्ल्यूइ में हिस्सा लिया और साबित किया कि महिलाएं किसी भी मामले में पीछे नहीं हैं। कविता देवी पर जल्द ही एक फिल्म बनने जा रही है। इस फिल्म के लिए कविता की जिंदगी से जुड़े राइट्स को निर्माता प्रीति अग्रवाल ने खरीद लिए हैं। प्रीति अग्रवाल ने बताया, कविता की पूरी जिंदगी बेहद प्रेरणादायक रही है। जिंदगी के हर मोड़ पर उन्होंने लड़ने का जज्बा दिखाया और कभी हार नहीं मानी। ऐसी धारणा रही है कि डब्ल्यूडब्ल्यूइ हमेशा से पुरुषों का खेल रहा है। बाद में दुनिया भर की महिलाएं भी इस खेल में शिरकत करने लगीं, लेकिन इस खेल में भारतीय महिलाओं का कोई प्रतिनिधित्व नहीं था। ऐसे में कविता ने अपनी काबिलियत से ये साबित कर दिखाया कि भारतीय महिलाओं में कितना दम है। वह आज उन बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो डब्ल्यूडब्ल्यूइ में अपना मुकाम बनाने की ख्वाहिश रखती है।

## दामाद है वो पाकिस्तान का... गदर 2 का टीजर जारी




मुंबई (आईएएनएस)। सनी देओल और अमीषा पटेल अभिनीत आगामी फिल्म गदर 2 का टीजर सोमवार को जारी किया गया। टीजर में सनी अपने तारा सिंह के किरदार में एक्शन करते नजर आ रहे हैं। टीजर 1971 की घटनाओं के साथ शुरू होता है। शुरूआत में एक महिला की आवाज आती है कि दामाद है वो पाकिस्तान का, उसे नारियल दो, टीका लगाओ, वर्ना इस बार दहेज में लाहौर ले जाएगा।

गदर 2 का टीजर इशारा करता है कि कहानी वहीं से शुरू होती है जहां से गदर: एक प्रेम कथा खत्म हुई थी। सनी देओल ने कहा, गदर 2 अपने पहले पार्ट की कहानी को आगे बढ़ा रही है। भारत की सबसे पसंदीदा पारिवारिक फिल्मों में से एक को वापस लाने में सक्षम होना एक आशीर्वाद है। फिल्म हमेशा प्यार, साहस और देशभक्ति की एक प्रेरक कहानी होगी। आशा है कि दुनिया तारा और सकीना का फिर से खुले दिल से स्वागत करेगी।फिल्म में भारत के विभाजन और लोगों के जीवन पर इसके प्रभाव का चित्रण दर्शकों के साथ जुड़ा हुआ है। तारा और सकीना की देशभक्ति , प्रेम और बलिदान की कहानी ने 2001 में कई रिकॉर्ड तोड़ दिए और अब निर्माता फिल्म के दूसरे पार्ट के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं।

## मृणाल ठाकुर नानी 30 के लिए कुन्नूर रवाना



मुंबई (आईएएनएस)। सीता रामम, धमाका, तूफान और अन्य फिल्मों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने हाल ही में अपनी बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म नानी 30 के हैदराबाद शेड्यूल का समापन किया। जिसमें वो नानी के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। एक्ट्रेस अब फिल्म के अगले शेड्यूल के लिए जल्द ही कुन्नूर जाएंगी। उन्होंने मुंबई शेड्यूल खत्म होने के बाद फिल्म की शूटिंग के एक स्पष्ट और मजेदार पल को भी साझा किया। तस्वीर में मृणाल के साथ नानी और फिल्म के पीछे उनकी समर्पित टीम को दिखाया गया है।

शेड्यूल के दौरान की गई अपनी यादों के बारे में बात करते हुए, मृणाल ने कहा: नानी 30 पर काम करना आनंदमय अनुभव रहा है। मुंबई में शूटिंग करना हमारे लिए बहुत मजेदार रहा, और मैं फिल्म का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। पूरी कास्ट/क्रू ने अब तक की शूटिंग में बहुत अच्छा समय बिताया है। हम जल्द ही कुन्नूर जा रहे हैं और वहां एक और शेड्यूल करेंगे। उन्होंने बताया कि कैसे दक्षिण सिनेमा और हिंदी सिनेमा समान हैं, उनके काम करने के तरीके में मामूली अंतर है। एक्ट्रेस ने कहा: जैसे हम एक विशाल विविध देश हैं, भारत में भी सिनेमा कई अलग-अलग हिस्सों से बना है। मैं भाग्यशाली रहा हूं कि अब मैंने हिंदी और दक्षिण में काम किया है। हां, दोनों के बीच कुछ अंतर हैं, लेकिन कला स्थिर रहती है। शूटिंग शेड्यूल और शूटिंग की अवधि जैसे छोटे अंतर हो सकते हैं, उदाहरण के लिए दक्षिण फिल्मों का शेड्यूल लंबा होता है क्योंकि इसमें बहुत सारी डिटेलिंग होती है।

उन्होंने कहा, इसी तरह प्रत्येक उद्योग में कहानी कहने के पहलू की अपनी बारीकियां होती हैं, जैसे बहुत सारी दक्षिण फिल्मों में ह्यूमन ड्रामा एक आम विषय है, जबकि हिंदी फिल्में भावनाओं पर बहुत ध्यान केंद्रित करती हैं।

## यशराज फिल्म्स के साथ अपने बड़े ब्रेक के लिए तैयार अहान पांडे

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे को आदित्य चोपड़ा के मार्गदर्शन में बड़ा ब्रेक मिल रहा है। अभिनेता पिछले 3 साल ग्रूमिंग कर रहे हैं और अब यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) बैनर के तहत लॉन्च होने वाले है। आदित्य को अनुष्का शर्मा, रणवीर सिंह से लेकर आयुष्मान खुराना तक सितारे लांच करने के लिए जाना जाता है। एक सूत्र के मुताबिक, अहान अभिनीत फिल्म अगले साल फ्लोर पर जाएगी।

सूत्र ने बताया: यह अब जेनरेशन जेड का समय है और इसलिए इसकी अधिक संभावना है कि भारत का अगला बड़ा सितारा इसी पीढ़ी से होगा। आदित्य चोपड़ा को लगता है कि अहान एक मजबूत दावेदार है। स्टारडम के इस स्तर पर, सभी की निगाहें युवा लड़के पर होंगी कि कैसे वह अपनी पहली फिल्म से सभी को प्रभावित कर पाते हैं। सूत्र ने बताया, अहान ने दिखाया है कि वह हाल के वर्षों में अपनी कला को तराशने पर फोकस करने के लिए सार्वजनिक जिंदगी से दूर है और यह वाईआरएफ का इतिहास रहा है कि वह हमेशा प्रतिभा और ईमानदारी पर दांव लगाती है। यही कारण है कि वाईआरएफ देश के शीर्ष सितारों का निर्माण करने में सक्षम रहा है।



## संक्षिप्त खबरें

### महिंद्रा की बिक्री दोगुनी हुई

नई दिल्ली। महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में उसके इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर दोगुने से अधिक होकर 36,816 इकाई रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा समूह की कंपनी की बिक्री वित्त वर्ष 2021-22 में 17,522 इकाई थी। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष में अपना नया तिपहिया इलेक्ट्रिक वाहन जोर ग्रैंड पेश किया। इस वाहन के लिए एक साल के भीतर 23,000 से अधिक की बुकिंग मिलीं। कंपनी के सीईओ सुमन मिश्रा ने कहा, 'वित्त वर्ष 2022-23 में हमने उच्चतम बाजार हिस्सेदारी के साथ इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के बाजार में नेतृत्व वाली भूमिका को जारी रखा।

### 300 नए होटल जोड़ेगी ओयो

नई दिल्ली। आतिथ्य और यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी ओयो ने इस साल अगस्त तक अपने पोर्टफोलियो में पहाड़ी क्षेत्रों (हिल स्टेशन) में 300 नए होटल जोड़ने की योजना बनाई है। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। गर्मियों की छुट्टियों के दौरान हिल स्टेशनों पर पर्यटकों की बढती भीड़ के कारण कंपनी यह कदम उठाने जा रही है। कंपनी ने बयान में कहा कि उत्तर भारत में मनाली, मसूरी, नैनीताल, श्रीनगर, शिमला, डलहौजी, हरिद्वार में नए होटल जोड़े जाएंगे। दक्षिण में कंपनी ऊटी, मून्नार और कोडाइकनाल में नए होटल जोड़ेगी। इसके अलावा पूर्वी भारत में गंगटोक, दार्जिलिंग और शिलांग और पश्चिम में लोनावाला और महाबलेश्वर में नए होटल जोड़े जाएंगे।

### एएमपी एनर्जी ने पूंजी जुटाई

नई दिल्ली। ऊर्जा रूपांतरण मंच एएमपी एनर्जी इंडिया ने एसएमबीसी बैंक ऑफ जापान, आईसीजी और एआईआईबी से करीब 2,061 करोड़ रुपए जुटाए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस राशि का इस्तेमाल आगे कारोबार विस्तार के लिए किया जाएगा। एएमपी एनर्जी इंडिया के पास इस समय कुल 2.7 गीगावाट की क्षमता है, जो देश के 17 राज्यों में फैली है। एएमपी एनर्जी इंडिया 10 विविध क्षेत्रों दवा, वाहन, सीमेंट, इस्पात, भारी इंजीनियरिंग अवसंरचना, एफएमसीजी, शैक्षिक संस्थानों, आईटी और डेटा केंद्रों, उपयोगिताओं और सरकारी निकायों में ग्राहकों को नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के लिए समाधान मुहैया कराती है।

### एंडेजा का अधिग्रहण

न्यूयार्क। अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डेक 10.5 अरब डालर के नकद और शेयर सौदे में एडेंजा का अधिग्रहण करने जा रहा है। एडेंजा वाल स्ट्रीट में इस्तेमाल होने वाला साफ्टवेयर बनाती है। नैस्डेक यह अधिग्रहण 5.75 अरब डालर के नकद भुगतान और 8.56 करोड़ नैस्डैक के साधारण शेयरों में करेगा। नैस्डेक की सीईओ एडना फ्राइडमैन ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण एक्सेचेंज की मार्केटप्लेस प्रौद्योगिकी और वित्तीय अपराध-रोधी समाधानों की दृष्टि से अनुकूल है।

### कोडियाक की आपूर्ति बढ़ी

नई दिल्ली। प्रीमियम कार निर्माता कंपनी स्कोडा आटो इंडिया ने अपनी फ्लैगशिप स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की लांचिंग के बाद ग्राहकों को इसकी ससमय डिलीवरी के लिए एसयूवी की सप्लाई बढ़ाने की घोषणा की। कंपनी ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि नई कोडियाक को सबसे पहले 2022 में लांच किया गया था। हालांकि, उस साल के लिए आवंटित की गई सभी कारों की बिक्री कुछ ही सप्ताह में हो गई। कंपनी ने एसयूवी की बढ़ती मांग की सराहना करते हुए भारत में 2023 के लिए एसयूवी की सप्लाई को और बढ़ाया।(एजेंसी)

# रेटिंग में सुधार के लिए मूडीज के अफसरों से मिलेंगे भारतीय अधिकारी


■ 16 जून को दोनों पक्षों के बीच होगी बैठक ■ मूडीज को भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति की देंगे जानकारी

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्त मंत्रालय के अधिकारी 16 जून को अमेरिका स्थित रेटिंग एजेंसी मूडीज के साथ एक बैठक करेंगे। इस दौरान अधिकारी भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद के बारे में बताएंगे और सॉवरेन रेटिंग बढ़ाने पर जोर देंगे।

मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारत को स्थिर आउटलुक के साथ 'बीएए3' साख रेटिंग दी है। 'बीएए3' निवेश श्रेणी में सबसे निचली रेटिंग है। सूत्रों ने कहा कि आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन और प्रमुख मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी बैठक में भाग लेंगे।

इस दौरान वे आर्थिक सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर और करीब 600 अरब डालर के विदेशी मुद्रा भंडार के बारे में बात करेंगे। सरकार ने पिछले दो साल में बड़े पैमाने पर अपने राजकोषीय उद्देश्यों को पूरा किया है। राजकोषीय घाटा 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद के 6.4 प्रतिशत तक सीमित था।




यह आंकड़ा इससे पिछले वित्त वर्ष में 6.7 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। सरकार ने इसे 2025-26 तक 4.5 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य तय किया है। पिछले महीने, दो अन्य वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी और फिच ने स्थिर परिदृश्य के साथ भारत की रेटिंग को 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा था। उम्मीद की जा रही है साख में सुधार की इस कवायद के तहत सरकारी अधिकारी इन एजेंसियों के साथ भी बैठक करके देश की प्रगति की जानकारी उन्हें देंगे और रेटिंग में सुधार का आग्रह करेंगे।

## वृद्धि को बनाए रखने के लिए बहुआयामी नीतिगत प्रतिक्रिया जरूरी : पात्रा

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा ने उत्पादकता और वृद्धि को बनाए रखने के लिए बहुआयामी नीतिगत प्रतिक्रिया की वकालत की है। उन्होंने कहा कि ऐसे वक्त में जब कई कारक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं, इस तरह की कार्रवाई जरूरी हो जाती है।

उन्होंने कहा कि नीतिगत प्रतिक्रिया को तकनीकी पूंजी, शोध एवं विकास में दीर्घकालिक निवेश, कौशल विकास और भौतिक बुनियादी ढांचे के निर्माण से समर्थन मिलना चाहिए।

# इरादतन चूक के मामलों को आसानी से निपटा सकेंगे बैंक

■ रिजर्व बैंक ने ऐसे मामले आपसी सहमति से निपटाने को दी मंजूरी

■ इसके लिए बैंकों को बोर्ड स्तर पर बनानी होंगी नीतियां
■ इसके लिए तय की गई हैं कुछ जरूरी शर्तें
■ इन शर्तों में कर्ज की न्यूनतम सीमा भी होगी
■ गिरवी रखी गई संपत्ति की मौजूदा कीमत के आकलन का फार्मूला भी बनेगा
■ समझौते के बाद कर्जदारों के लिए नई समय सीमा होगी

मुंबई (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दबाव वाली संपत्तियों से अधिकतम वसूली सुनिश्चित करने के लिए बैंकों को धोखाधड़ी वाले खातों और इरादतन या जानबूझकर चूक के मामलों का निपटारा आपसी समझौते के जरिए करने की मंजूरी दे दी है। आरबीआई ने एक अधिसूचना में धोखाधड़ी वाले खातों और कर्ज अदायगी में इरादतन चूक के मामलों में समझौता करने की मंजूरी देते हुए कहा है कि इसके लिए निदेशक-मंडल के स्तर पर नीतियां बनानी होंगी।




इस संबंध में कुछ जरूरी शर्तें भी निर्धारित की गई हैं। इन शर्तों में कर्ज की न्यूनतम समयसीमा, जमानत पर रखी गई संपत्ति के मूल्य में आई गिरावट जैसे पहलू भी शामिल होंगे। बैंकों का निदेशक-मंडल इस तरह के कर्जों में अपने कर्मचारियों की जवाबदेही की जांच के लिए भी एक प्रारूप तय करेगा। अधिसूचना के मुताबिक, रिजर्व बैंक से विनियमित वित्तीय इकाइयां इरादतन चूककर्ता या धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत खातों के संबंध में ऐसे देनदारों के खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बगैर समझौता समाधान या तकनीकी बट्टे-खाते में डाल सकती हैं।

समाधान नीति में बैंक एक गणना-पद्धति भी निर्धारित करेगा ताकि जमानत पर रखी गई संपत्ति के वसूली-योग्य मूल्य की गणना की जा सके। इससे यह तय हो पाएगा कि संकटग्रस्त कर्जदार से न्यूनतम खर्च पर अधिकतम कितनी वसूली हो पाएगी। इसके मुताबिक, विनियमित इकाइयों के बहीखाते में चिह्नित ऐसे किसी भी वसूली दावे को मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार पुनर्गठित कर्ज माना जाएगा।

इसके अलावा समझौते से समाधान होने की स्थिति में संबंधित देनदार को नया कर्ज देने का 'कूलिंग पीरियड' रखा जाएगा, ताकि बैंकों के जोखिम को कम किया जा सके। कृषि ऋणों से इतर कर्जों में यह अवधि 12 महीनों की हो सकती है।

## म्यांमार ने जून के अंत तक रुपया-क्यात व्यापार समझौते की इच्छा जताई

कोलकाता (भाषा)।

म्यांमार के वाणिज्य मंत्री यू आंग नाइंग ऊ ने सोमवार को उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच रुपया-क्यात व्यापार समझौता जून के अंत तक हो जाएगा।


ऊ ने कहा कि इस व्यवस्था के लागू होने के बाद दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़कर दोगुना हो जाएगा। गौरतलब है कि अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहे म्यामां के पास वस्तुओं का आयात करने के लिए विदेशी मुद्रा की कमी है। उन्होंने यहां ईईपीसी इंडिया के एक कार्यक्रम में कहा, 'हम 2021 से अमेरिकी प्रतिबंधों से पीड़ित हैं और दूसरे देशों के साथ लेनदेन को डालर में निपटाना मुश्किल हो रहा है।'

इस विशेष व्यवस्था के तहत म्यामां भारत को किए जाने वाले सभी निर्यात के लिए रुपये में भुगतान स्वीकार करेगा, और इस रुपये के भंडार का इस्तेमाल भारत से आयात करने के लिए करेगा। आरबीआई ने म्यामां के साथ विदेशी व्यापार को सुविधाजनक बनाने के लिए एक विशेष वोस्ट्रो खाता खोलने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को नियुक्त किया है। पीएनबी ने इसके लिए म्यामां में दो बैंकों से संपर्क किया है, जहां ये खाते खोले जाएंगे।

# आयातित कोयले वाले बिजली संयंत्र 30 सितम्बर तक पूरी क्षमता से काम करें

नई दिल्ली (भाषा)।

बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के मौसम में बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए आयातित कोयले का इस्तेमाल करने वाले सभी तापीय बिजली संयंत्रों को 30 सितम्बर तक पूरी क्षमता से काम करने के लिए निर्देश दिया है।



बिजली मंत्रालय ने इस संबंध में सोमवार को तापीय बिजली उत्पादन संयंत्रों को नोटिस भेजा। इसके मुताबिक, आयातित कोयले का इस्तेमाल करने वाले 15 बिजली संयंत्रों को इस साल 30 सितम्बर तक अपनी पूरी क्षमता से बिजली उत्पादन करना होगा। इसके पहले बिजली मंत्रालय ने फरवरी में इन बिजली संयंत्रों को निर्देश दिया था कि उन्हें 16 मार्च से 15 जून तक पूरी क्षमता पर काम करना होगा। देश में बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 11 के तहत निर्देश जारी किए गए थे।

अब मंत्रालय ने उसी प्रावधान का इस्तेमाल करते हुए इस समयसीमा को 30 सितम्बर, 2023 तक के लिए बढ़ा दिया है।

गत नौ जून को इस मौसम में एक दिन की सर्वोच्च बिजली मांग आई थी। उस दिन देशभर में 223.23 गीगावाट बिजली की आपूर्ति की गई थी। इस साल सर्वाधिक एक-दिनी मांग 230 गीगावाट रहने का अनुमान जताया गया है। हालांकि, अप्रैल-मई के महीनों में मौसमी बदलावों की वजह से बिजली की ज्यादा खपत वाले एयर कंडीशनर एवं फ्रिज का इस्तेमाल कम हुआ था। लेकिन जून में गर्मी काफी बढ गई है।

# राज्यों को कर हिस्सेदारी में मिले ₹1.18 लाख करोड़

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्र ने जून में राज्यों को उनकी कर हिस्सेदारी के तौर पर 1.18 लाख करोड़ रुपए की तीसरी किस्त जारी कर दी है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी।

■ केंद्र ने तीसरी किस्त के तहत जारी की यह धनराशि

मंत्रालय ने बयान में कहा कि जून, 2023 में राज्यों को उनकी नियमित किस्त के अलावा एक अग्रिम किस्त भी जारी की गई है जिससे वे अपना पूंजीगत खर्च बढ़ा सकेंगे, विकास/कल्याण से संबंधित खर्च का वित्तपोषण कर सकेंगे और प्राथमिकता वाली परियोजनाओं/योजनाओं को संसाधन उपलब्ध करा सकेंगे। बयान के मुताबिक, 'केंद्र ने राज्य सरकारों को कर बंटवारे में उनके हिस्से के रूप में 1,18,280 करोड़ रुपए की किस्त 12 जून को जारी कर दी है। सामान्य तौर पर राज्यों को उनके कर हिस्से के रूप में 59,140 करोड़ रुपये जारी किए जाते हैं।'

फिलहाल केंद्र द्वारा जुटाए गए करों का 41 प्रतिशत एक वित्त वर्ष में 14 किस्तों में राज्यों को दिया जाता है।

## शेयर बाजार में दो दिन से जारी गिरावट थमी

मुंबई (भाषा)।

वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, तेल एवं गैस और दूरसंचार शेयरों में तेजी के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को बढत के साथ बंद हुए। इसके साथ ही बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया।

इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 99.08 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 62,724.71 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 179.26 अंक या 0.28 प्रतिशत बढ़कर 62,804.89 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 38.10 अंक या 0.21 प्रतिशत बढ़कर 18,601.50 पर बंद हुआ।

# 'नीली अर्थव्यवस्था' के आडिट के लिए नई तकनीकें विकसित हों

पणजी (भाषा)।

प्रधान लेखापरीक्षा संस्थानों को समुद्री या नीली अर्थव्यवस्था के आडिट के लिए नई तकनीकों और क्षमताओं का विकास करना चाहिए। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू ने सोमवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। मुर्मू ने जी20 देशों के प्रधान लेखापरीक्षा संस्थानों (साई20) की तीन दिवसीय बैठक का उद्घाटन करते हुए कहा, 'प्रधान लेखापरीक्षा संस्थानों (साई) को अपने ऑडिट के जरिए प्रगति पर नजर रखने, कार्यान्वयन की निगरानी और सुधार के अवसरों की पहचान करके खुद को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ जोड़ना चाहिए।' इस बैठक का आयोजन भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत किया गया है।



■ टिकाऊ विकास के लिए ऐसा करना जरूरी
■ खुद को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से जोड़ें लेखा परीक्षा संस्थान
■ नियंत्रक व महालेखा परीक्षक गिरीश चंद्र मुर्मू ने व्यक्त किए हैं ये विचार
■ कहा, नीली इकोनामी का महत्व बढ़ने से इसके आडिट का महत्व भी बढ़ेगा

उन्होंने कहा कि नीली अर्थव्यवस्था का महत्व बढ़ने के साथ ही इसके आडिट का महत्व भी बढेगा और ऐसे में साई20 समुदाय को नई तकनीकों, कौशल, क्षमताओं और विधियों तक पहुंच में एक दूसरे को सहयोग देना चाहिए।

कैग ने साई इंडिया के 'पर्यावरण लेखापरीक्षा एवं संवहनीय विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र' में नीली अर्थव्यवस्था के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा भी की।

# क्रेडिट सुइस का अधिग्रहण पूरा

■ यूबीएस ने 3.3 अरब डालर में किया है सौदा ■ लंबे समय तक एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी रहे हैं ये बैंक

बर्लिन (एपी)।

स्विट्जरलैंड के यूबीएस बैंक ने सोमवार को कहा कि उसने वित्तीय संकट का सामना कर रहे क्रेडिट सुइस का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

बैंक ने एक बयान में कहा, 'यूबीएस ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार करते हुए आज क्रेडिट सुइस का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।' क्रेडिट सुइस लंबे समय तक यूबीएस बैंक का प्रतिस्पर्धी रहा है।




ज्यूरिख स्थित दोनों बैंक तीन अरब फ्रैंक (3.3 अरब डॉलर) के सौदे के तहत एक हो रहे हैं। मार्च में जब क्रेडिट सुइस के शेयर गिर गए थे और जमाकर्ताओं ने डरकर अपना पैसा निकालना शुरू कर दिया था, ऐसे माहौल में स्विस सरकार और नियामकों ने जल्दबाजी में इस सौदे को अंतिम रूप दिया था।

इस विलय समझौते का मकसद दो अमेरिकी बैंकों के पतन के बाद वैश्विक वित्तीय प्रणाली में उथल-पुथल को दूर करना था। इस अधिग्रहण के बाद यूबीएस स्विट्जरलैंड का एकमात्र प्रमुख बैंक रह जाएगा।

## डीवीसी 2030 तक बिजली उत्पादन दोगुना करेगी

बोकारो (भाषा)।

दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के चेयरमैन राम नरेश सिंह ने कहा कि कंपनी अगले सात साल में अपना वार्षिक बिजली उत्पादन दोगुना करेगी। सिंह ने कहा कि 2030 तक 15,000 मेगावाट वार्षिक बिजली उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 7,000 मेगावाट की वर्तमान क्षमता में 8,000 मेगावाट क्षमता और जोड़नी होगी।

उन्होंने कहा कि कंपनी नए बिजली संयंत्रों की स्थापना के लिए करीब 60,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। सिंह ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'केंद्र ने डीवीसी को 8,000 मेगावाट की कुल क्षमता वाले नए बिजली संयंत्र स्थापित करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।'

# पतंजलि फूड्स का 50 हजार करोड़ का कारोबारी लक्ष्य

नई दिल्ली (भाषा)। खाद्य उत्पाद कंपनी पतंजलि फूड्स ने अगले पांच साल में 50,000 करोड़ रुपए का कारोबार और 5,000 करोड़ रुपए का परिचालन लाभ हासिल करने के लिए एक आक्रामक वृद्धि योजना तैयार की है जिसमें एफएमसीजी कारोबार की अहम भूमिका होगी। पतंजलि फूड्स लिमिटेड का नाम पहले रुचि सोया इंडस्ट्रीज था लेकिन सितम्बर, 2019 में कर्ज समाधान प्रक्रिया के तहत पतंजलि समूह ने इसका अधिग्रहण कर लिया था।

पतंजलि समूह के प्रमुख बाबा रामदेव ने एक बातचीत में कहा कि पतंजलि फूड्स अपने कारोबार विस्तार के लिए खाद्य उत्पाद और रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले उत्पाद (एफएमसीजी) कारोबार को बढ़ाने के साथ बड़े पैमाने पर पाम के पेड़ भी लगाएगी। उन्होंने कहा कि पतंजलि फूड्स ने अगले पांच वर्षों में एफएमसीजी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी बनने के लिए एक दृष्टि-पत्र तैयार किया है। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य अगले पांच साल में कर-पूर्व आय के स्तर पर 5,000 करोड़ रुपए का लाभ और 50,000 करोड़ रुपए का कारोबार हासिल करने का है।' पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का शुद्ध लाभ एक साल पहले के 806.30 करोड़ रुपए से बढ़कर 886.44 करोड़ रुपये हो गया।

# रुपए-दिरहम में व्यापार पर बातचीत में प्रगति



नई दिल्ली (भाषा)। भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के केंद्रीय बैंकों के बीच रुपए और दिरहम में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बातचीत काफी 'तेजी' से आगे बढ़ रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस कदम से द्विपक्षीय व्यापार में लेनदेन की लागत घटेगी।

गोयल ने कहा कि दोनों देशों के शीर्ष नेता तेजी से निर्णय लेने वाले है। ऐसे में हम जल्द अच्छे नतीजों की उम्मीद कर सकते है। भारत और यूएई के बीच मुक्त व्यापार करार (एफटीए) पिछले साल मई से लागू हुआ। एफटीए से द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि दोनों देशों के केंद्रीय बैंक मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) और तौर-तरीकों पर बातचीत कर रहे है।

## औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि घटकर 4.2 फीसद पर

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) इस साल अप्रैल में 4.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) अप्रैल 2022 में 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2023 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 4.9 प्रतिशत और खनन उत्पादन 5.1 प्रतिशत बढ़ा है। समीक्षाधीन माह के दौरान बिजली उत्पादन में 1.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। उत्पादन में गिरावट का मुख्य कारण मांग में कमी आना रहा।

# दो साल के निचले स्तर पर आई खुदरा महंगाई की दर

■ मई में घटकर 4.25 फीसद पर पहुंची यह दर ■ अप्रैल 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर

नई दिल्ली (भाषा)।

खाद्य एवं ईंधन उत्पादों की कीमतें नरम पड़ने से मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 25 माह के निचले स्तर 4.25 प्रतिशत पर आ गई।

सरकार की तरफ से सोमवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के अनुसार, मई, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.25 प्रतिशत रही जो अप्रैल, 2021 के बाद का सबसे निचला स्तर है। अप्रैल, 2021 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.23 प्रतिशत पर थी।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल, 2023 में 4.7 प्रतिशत रही थी। वहीं एक साल पहले मई, 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति 7.04 प्रतिशत के स्तर पर थी।



इस तरह लगातार चौथे महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। इसके साथ ही यह लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर पर है।

सरकार ने रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत घटबढ़ के साथ चार प्रतिशत पर रखने का दायित्व सौंपा हुआ है।

पिछले महीने में खुदरा मुद्रास्फीति में आई गिरावट के पीछे मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों एवं ईंधन की कीमतों में आई गिरावट की अहम भूमिका रही है। मई में खाद्य मुद्रास्फीति 2.91 प्रतिशत रही जबकि अप्रैल में यह 3.84 प्रतिशत थी।

खाद्य उत्पादों की सीपीआई सूचकांक में हिस्सेदारी करीब आधी होती है। इसके अलावा ईंधन एवं प्रकाश खंड की मुद्रास्फीति भी 4.64 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अप्रैल में यह 5.52 प्रतिशत रही थी।

# भारत-पाकिस्तान मुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय टीम वनडे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज आठ अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में करेगी जबकि एक सप्ताह बाद पाकिस्तान के खिलाफ मैच अहमदाबाद में होगा। बीसीसीआई के कार्यक्रम के ड्राफ्ट में यह जानकारी दी गई। क्रिकइन्फो ने सोमवार को लिखा, 'बीसीसीआई ने कार्यक्रम का ड्राफ्ट आईसीसी को भेजा है जिसने प्रतिभागी देशों के पास फीडबैक के लिए इसे भेज दिया है। अंतिम कार्यक्रम की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी।'

शुरुआती ड्राफ्ट के अनुसार टूर्नामेंट पांच अक्टूबर को शुरू होगा जिसमें मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड का सामना पिछले उपविजेता न्यूजीलैंड से अहमदाबाद में होगा। फाइनल भी 19 नवम्बर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। सेमीफाइनल 15 और 16 नवम्बर को मुंबई और चेन्नई में होंगे। मेजबान भारत अपने लीग मैच नौ शहरों में खेलेगा जिनमें कोलकाता, मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरू शामिल है। पाकिस्तान से मुकाबला 15 अक्टूबर को होगा। वहीं पाकिस्तान के लीग मैच पांच शहरो में होंगे।

**वनडे विश्व कप**

- बीसीसीआई ने आईसीसी को भेजा कार्यक्रम का ड्राफ्ट
- आईसीसी ने प्रतिभागी देशों के पास फीडबैक के लिए भेज दिया
- अंतिम कार्यक्रम की घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी

रिपोर्ट के अनुसार, 'पाकिस्तान छह और 12 अक्टूबर को हैदराबाद में क्वालीफायर दौर से आई दो टीमों से खेलेगा। इसके बाद बेंगलुरू में आस्ट्रेलिया (20 अक्टूबर), चेन्नई में अफगानिस्तान (23 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (27 अक्टूबर), बांग्लादेश से कोलकाता में (31 अक्टूबर), न्यूजीलैंड से बेंगलुरू में (पांच नवम्बर) और इंग्लैंड से कोलकाता में (12 नवम्बर) खेलेगा। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड का मैच 29 अक्टूबर को धर्मशाला में और इंग्लैंड से चार नवम्बर को अहमदाबाद में होगा।

टूर्नामेंट में दस टीमें भाग ले रही हैं जिनमें से आठ तय है और दो क्वालीफायर से आएंगी। टूर्नामेंट में कुछ ही महीने रह गए हैं और अभी तक कार्यक्रम का ऐलान नहीं हुआ है जबकि पिछले दो विश्व कप में कार्यक्रम एक साल पहले ही तय हो गया था।

संभावित कार्यक्रम में भारत अपने मैच आस्ट्रेलिया से आठ अक्टूबर को चेन्नई, अफगानिस्तान से 11 अक्टूबर को दिल्ली, पाकिस्तान से 15 अक्टूबर को अहमदाबाद, बांग्लादेश से 19 अक्टूबर को पुणे, न्यूजीलैंड से 22 अक्टूबर को धर्मशाला, इंग्लैंड से 29 अक्टूबर को लखनऊ, क्वालीफायर से दो नवम्बर को मुंबई, दक्षिण अफ्रीका से पांच नवम्बर को कोलकाता, क्वालीफायर से 11 नवम्बर को बेंगलुरू में खेलेगा।

# भारतीय खिलाड़ियों पर मैच फीस का सौ फीसद जुर्माना

**दुबई (भाषा)।** भारतीय खिलाड़ियों पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान धीमी ओवरगति के लिए पूरी मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है जबकि विवादित फैसले पर उन्हें आउट देने के लिए अंपायर के फैसले की आलोचना करने वाले शुभमन गिल पर 15

**धीमी ओवर गति मामला**

प्रतिशत अतिरिक्त जुर्माना लगा है। आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर भी धीमी ओवरगति के लिए मैच फीस का 80 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आस्ट्रेलिया ने यह मैच 209 रन से जीता।



आईसीसी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, 'रविवार को आखिरी दिन का खेल खत्म होने के बाद ही इसकी पुष्टि हो गई कि धीमी ओवरगति के लिए भारत पूरी मैच फीस और आस्ट्रेलिया 80 प्रतिशत मैच फीस गंवाएगा।' इसमें आगे कहा गया, 'आईसीसी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता की धारा 2.22 के तहत खिलाड़ियों पर निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरे नहीं करने पर प्रति ओवर 20 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है।'

भारतीय टीम निर्धारित समय के भीतर पांच ओवर पीछे थी जबकि आस्ट्रेलिया चार ओवर पीछे रह गया था। अंतिम एकादश में शामिल भारतीय खिलाड़ियों को 15 लाख रुपए प्रति टेस्ट और रिजर्व खिलाड़ियों को साढ़े सात लाख रुपए मिलते हैं। गिल को धारा 2.7 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी घटना की सार्वजनिक निंदा या अनुचित बयान से संबंधित है। भारत की दूसरी पारी के दौरान टीवी अंपायर रिचर्ड केटलबरो ने गिल को आउट करार दिया जिनका कैच लपकते समय कैमरून ग्रीन का हाथ जमीन को छू गया था। उस दिन का खेल खत्म होने के बाद गिल ने टीवी स्क्रीन का रिप्ले शॉट सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### उरुग्वे ने इटली को हराकर अंडर-20 विश्व कप जीता

**ला प्लाटा, अर्जेंटीना (एपी)।** उरुग्वे ने इटली को 1-0 से हराकर पहली बार अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल खिताब जीत लिया। इसके साथ ही टूर्नामेंट में पिछली चार बार से यूरोपीय टीमों की जीत का सिलसिला भी टूट गया। लूसियानो रौद्रिगेज ने 86वें मिनट में हेडर पर विजयी गोल किया। डिएगो माराडोना स्टेडियम पर मौजूदा 40000 से अधिक दर्शकों में अधिकांश उरुग्वे के समर्थक थे। फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो भी मैच देखने के लिए आए थे। टूर्नामेंट से पहले उरुग्वे और इटली दोनों खिताब के दावेदारों में से नहीं थे लेकिन ब्राजील, अर्जेंटीना और इंग्लैंड में क्लबों ने खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए नहीं छोड़ा। क्लबों के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वे अंतरराष्ट्रीय जूनियर टूर्नामेंटों के लिए खिलाड़ियों को छोड़े। उरुग्वे 1997 और 2013 में फाइनल हार चुका है। दक्षिण अमेरिका से आखिरी बार 2011 में ब्राजील ने खिताब जीता था। इससे पहले इस्राइल ने दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### अदिति अशोक एलपीजीए रैंकिंग में शीर्ष 20 में

**गालोवे (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक शॉपराइट एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त 49वें स्थान पर रही। आखिरी दिन एक बोगी और चार बर्डी के साथ अदिति ने तीन अंडर 68 का कार्ड खेला लेकिन 54 होल में उनका कुल स्कोर दो अंडर 211 रहा। अदिति रेस टू सीएमई वैश्विक रैंकिंग में 20वें स्थान पर है जो एलपीजीए टूर का आर्डर आफ मेरिट है। इस साल निराशाजनक शुरुआत के बाद वह लगातार तीन टूर्नामेंटों में कट में प्रवेश से चूक गई थी। उसके बाद से वह शानदार फॉर्म में है और तीन बार शीर्ष पांच में रही। अब अगले सप्ताह वह मिशिगन में 25 लाख डॉलर ईनामी राशि का टूर्नामेंट खेलेगी।

### शुभंकर मिश्रित ओपन में 58वें स्थान पर रहे

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा स्कैंडिनेवियाई मिश्रित ओपन में उतार-चढ़ाव से भरे आखिरी दौर एक ओवर ओवर 73 का कार्ड खेल कर 58वें पायदान पर रहे। इस स्पर्धा में 78 पुरुष और इतनी ही महिला गोल्फरों ने हिस्सा लिया था। शुभंकर ने आखिरी दौर में एक ईगल, तीन बर्डी, दो बोगी और इतने ही डबल बोगी किए। उन्होंने इससे पहले के तीन दौर में 75, 68, 71 का स्कोर किया था। महिलाओं में भारत की एकलौती खिलाड़ी दिक्षा डागर कट में जगह बनाने में नाकाम रहीं थी।

**भारत के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हार के बाद**

# 'बिग थ्री' के भविष्य पर उठे सवाल

**बेंगलुरू (भाषा)।** विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और रोहित शर्मा। इस अनुभवी तिकड़ी ने भारतीय क्रिकेटप्रेमियों को मुस्कुराने के कई मौके दिए हैं लेकिन अपने कॅरियर के आखिरी पड़ाव पर खड़ी इस तिकड़ी के बाद टेस्ट बल्लेबाजी में भारत कितना तैयार है, यह यक्षप्रश्न है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में मिली हार ने भारतीय क्रिकेट के हुक्मरानों को हल निकालने के लिए सोचने पर विवश कर दिया है।



पुजारा की नाकामी भारत को बुरी तरह खली है क्योंकि वह लंबे समय से ससेक्स के लिए काउंटी क्रिकेट खेलने के कारण सबसे ज्यादा तैयार थे। पुजारा ने 2021 में सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 77 रन की यादगार पारी खेली थी। बांग्लादेश के खिलाफ चट्टोग्राम में बनाए 90 और 102 रन के अलावा 2022 में वह कुछ खास नहीं कर सके। उन्होंने 2021 से 2023 डब्ल्यूटीसी चक्र में 17 टेस्ट खेलकर 32 की औसत से 928 रन बनाए जिसमें एकमात्र शतक शामिल है।

अब तीसरे नंबर पर अगला कौन? भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 2022 की शुरुआत में घरेलू सीरीज में इस क्रम पर हनुमा विहारी को आजमाया जिन्होंने तीन पारियों में एक अर्धशतक लगाया। पुजारा की वापसी के बाद उनका भी पत्ता कट गया। भारत की दिक्कत चौथे नंबर की भी है जहां सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली उतरते हैं। कोहली ने पिछले कुछ साल में जिस तरह गेंदबाजों पर दबाव बनाया है, वह बहुत कम बल्लेबाज ही कर पाए हैं लेकिन असलियत यह भी है कि टेस्ट क्रिकेट में उन्हें दिक्कत आई है।

मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में कोहली ने 17 टेस्ट में 32.13 की औसत से 932 रन बनाए हैं जिसमें एकमात्र शतक है जो अहमदाबाद की सपाट पिच पर बनाया गया था। चौथे नंबर पर अगला बल्लेबाज कौन होगा। श्रेयस अय्यर के नाम पर विचार किया जा सकता है जो फिलहाल चोटिल हैं। अय्यर को शॉर्टपिच गेंदों पर अपनी कमजोरी से पार पाना होगा। सरफराज खान ने पिछले सत्र में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाए लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजी का सामना करने के लिए उसके पास तकनीक नहीं है। वह भारत ए के लिए सात टेस्ट मैचों में एक भी शतक नहीं बना सके।

भारत के महान टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में रोहित शर्मा का नाम नहीं होगा हालांकि वह 50 टेस्ट खेल चुके हैं। लेकिन भारतीय कप्तान ने पिछले डब्ल्यूटीसी चक्र में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने 11 टेस्ट में 42.11 की औसत से 758 रन बनाए। विदेश में उनका औसत 52.57 रहा जबकि भारत में उन्होंने 36.88 की औसत से रन बनाए लेकिन 36 वर्ष के हो चुके रोहित क्या 2025 में खेलेंगे।

एक छोर शुभमन गिल संभालने के लिए तैयार हैं लेकिन उनका जोड़ीदार कौन होगा। भारत को मयंक अग्रवाल के रूप में विकल्प मिला था लेकिन पिछले साल बेंगलुरू में श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलने के बाद वह टेस्ट टीम से बाहर हैं। अभिमन्यु ईश्वरन और यशस्वी जायसवाल को अभी इस प्रारूप में खुद को साबित करना होगा। भारत को 2024 की शुरूआत में इंग्लैंड की मेजबानी करनी है और फिर आस्ट्रेलिया जाना है। इसके बाद इंग्लैंड का रिटर्न दौरा भी होगा। इन दिग्गजों की जगह तो कोई नहीं ले सकता लेकिन भारत को हर क्रम के लिए विकल्प तलाशने होंगे।

# वेस्ट इंडीज के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज से डब्ल्यूटीसी के नए चक्र की शुरुआत करेगा भारत

**मुंबई (भाषा)।** भारत डोमीनिका में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 12 जुलाई से दो मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र में अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार सीरीज का दूसरा टेस्ट 20 से 24 जुलाई तक त्रिनिदाद के क्वींस पार्क ओवल में खेला जाएगा।

रविवार को भारत लंदन में डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार गया था। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 209 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत 27 जुलाई से एक अगस्त तक वेस्ट इंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैच की वनडे सीरीज के साथ इस साल अक्टूबर-नवम्बर में स्वदेश में होने वाले वनडे विश्व कप की अपनी तैयारी जारी रखेगा। इसके बाद भारत त्रिनिदाद में ब्रायन लारा अकादमी में तीन अगस्त से शुरू होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज में हिस्सा लेगा। आखिरी दो टी20 मैच अमेरिका में खेले जाएंगे।

**भारत का कार्यक्रम** - 12-16 जुलाई, डोमिनिका में पहला टेस्ट, 20-24 जुलाई, दूसरा टेस्ट त्रिनिदाद में, 27 जुलाई, पहला वनडे बारबडोस में, 29 जुलाई, दूसरा वनडे बारबडोस में, एक अगस्त, तीसरा वनडे त्रिनिदाद में, तीन अगस्त, पहला टी20 त्रिनिदाद में, छह अगस्त, दूसरा टी20 ग्याना में, आठ अगस्त, तीसरा टी-20 ग्याना में, 12 अगस्त, चौथा टी20 लॉडरहिल (अमेरिका), 13 अगस्त, पांचवां टी-20 लॉडरहिल (अमेरिका) में।

# लोरेंजो सोनेगो ने बेरेटिनी को हराया

**स्टुटगार्ट (एपी)।** इटली के लोरेंजो सोनेगो ने सोमवार को स्टुटगार्ट ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हमवतन और गत चैंपियन मातियो बेरेटिनी को हराकर बाहर कर दिया। सोनेगो ने बेरेटिनी के खिलाफ सीधे सेट में 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की और बेरेटिनी के ग्रास कोर्ट पर लगातार नौ मैच जीतने के क्रम को भी तोड़ दिया। बेरेटिनी दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी सोनेगो के खिलाफ पूरे मैच के दौरान जूझते रहे। सोनेगो ने सभी छह ब्रेक प्वाइंट बचाए। अन्य मुकाबलों में लोरेंजो मुसेटी ने क्रोएशिया के क्वालीफायर बोर्ना गोजो को 7-6, 6-3 से हराया जबकि जिरी लेचेका ने मार्कोस गिरोन को 4-6, 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।

# मुझे सबसे महान बताना, हर दौर के दिग्गज खिलाड़ियों का अपमान होगा : जोकोविच

**पेरिस (एपी)।** नोवाक जोकोविच ने टेनिस के इतिहास में सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बनने के बाद कहा कि हर दौर में खेलने की परिस्थितियां अलग रही है और हर दौर में महान खिलाड़ी रहे है। जोकोविच ने रविवार को उन्होंने फ्रेंच ओपन फाइनल में रविवार को कैस्पर रूड को हराकर 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया।

जोकोविच की इस खिताबी जीत के बाद सबसे महान पुरुष टेनिस खिलाड़ी को लेकर बहस एक बार फिर से छिड़ गई है। जोकोविच के प्रतिद्वंद्वी रोजर फेडरर ने 20 ग्रैंड स्लैम जीतने के बाद खेल को अलविदा कह दिया तो वहीं 22 खिताब जीतने वाले नडाल चोट से उबर रहे है। कई प्रशंसक फेडरर को सबसे महान खिलाड़ी मानते है तो वही नडाल की भी पूरी दुनिया में बड़ी फैन फॉलोइंग है।

इन तीनों में अधिक ग्रैंड स्लैम के अलावा जोकोविच ने मास्टर्स 1000 स्तर की हर स्पर्धा को कम से कम दो बार जीता है जबकि फेडरर और नडाल इस स्तर की सभी स्पर्धाओं को नहीं जीत सके है। जोकोविच एटीपी रैंकिंग में सबसे अधिक समय तक शीर्ष पर रहे है। फ्रेंच ओपन चैम्पियन बनने के बाद वह फिर से रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए है।

इस जीत के बाद जोकोविच से जब पूछा क्या कि 'इतिहास का सबसे महान पुरुष खिलाड़ी बनकर कैसा लग रहा है, तो उन्होंने काफी विस्तार से इसका जवाब देते हुए कहा, 'मैं यह नहीं कहना चाहता कि मैं सबसे महान हूं। मैंने पहले भी कहा है कि इस तरह का बयान हमारे खेल के विभिन्न युगों में सभी महान चैंपियनों के प्रति अपमानजनक है। उनका टेनिस खेलने तरीके आज से काफी अलग था।'

जोकोविच इस संवाददाता सम्मेलन में लाल टीशर्ट पहन कर पहुंचे थे जिस पर 23 नंबर लिखा हुआ था। यह उनके 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर इशारा कर रहा था। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि अपनी पीढी के प्रत्येक महान चैंपियन ने खेल पर एक बड़ी छाप छोड़ी है। वह एक एक विरासत की तरह है, जिसने हमें इतने बड़े स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित किया।"

इस 36 साल के सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा, 'मैं इस तरह की चर्चा को दूसरों के लिए छोड़ देता हूं। बेशक, मुझे खुद पर काफी विश्वास है कि मैं क्या कर सकता हूं। यह ट्रॉफी स्पष्ट रूप से टेनिस में मेरे शानदार खेल के स्तर को दिखाता है।' जोकोविच से यहां भविष्य की योजना के बारे में नहीं पूछा गया लेकिन उन्होंने खुद ही कहा, 'मेरी यात्रा अभी खत्म नहीं हुई है। मैं अभी भी इन टूर्नामेंटों, ग्रैंड स्लैम में सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने के लिए प्रेरित महसूस करता हूं।' उन्होंने तीन जुलाई से शुरू होने वाले आगामी ग्रैंड स्लैम के बारे में कहा, 'मैं विम्बलडन का इंतजार कर रहा हूं और उसमें खेलने के लिए तैयार हूं।'

# रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचे जोकोविच स्वियातेक नंबर एक पर कायम

**पेरिस (एपी)।** फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल खिताब के साथ रिकॉर्ड 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले नोवाक जोकोविच एटीपी



रैंकिंग में कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। पचास साल से अधिक समय पहले कंप्यूटरीकृत रैंकिंग की शुरुआत के बाद से टेनिस रैंकिंग में सबसे अधिक समय पर शीर्ष पर रहने वाले पुरुष या महिला खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले जोकोविच इस रिकॉर्ड में और सुधार करेंगे।

जोकोविच ने कहा, 'बेशक जब आप इतिहास की बात करते हो तो लोग अधिकतर यही बात करते हैं कि आपने कितने ग्रैंड स्लैम जीते या आप कितने समय तक नंबर एक रैंकिंग पर रहे।' उन्होंने कहा, 'मैं ये दोनों रिकॉर्ड तोड़ने में सफल रहा हूं जो शानदार है।' रोलां गैरो पर महिला एकल का खिताब जीतने वाली इगा स्वियातेक डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं।

एटीपी रैंकिंग में अब अल्कारेज दूसरे और दानिल मेदवेदेव तीसरे स्थान पर हैं जबकि रूड चौथे स्थान पर बने हुए हैं। स्वियातेक ने कैरोलिना मुचोवा को हराकर चार साल में तीसरा फ्रेंच ओपन खिताब जीता। वह ऐश बार्टी के संन्यास लेने पर अप्रैल 2022 में नंबर एक बनने के बाद से वहां डटी हुई हैं। मुचोवा 43वें से कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। एलेना रिबाकिना तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं जबकि कैरोलिन गार्सिया चौथे स्थान पर हैं। जेसिका पेगुला तीसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं।

# फाइनल में खाद्य निगम के सामने कस्टम एक्साइज

**नई दिल्ली।** डीएसए सांस्थानिक फुटबाल लीग के खिताबी मुकाबले में भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय की भिड़ंत कस्टम एंड एक्साइज से होगी। सोमवार को नेहरू स्टेडियम पर खेले गए सुस्त और अवसर गंवाने वाले मैच में खाद्य निगम ने नॉर्दन रेलवे को 1-0 से परास्त कर फाइनल में प्रवेश पाया। पियूष भंडारी ने त्रिलोक बिष्ट के बेहतरीन पास पर लंबी सीटी से चंद सेकेंड पहले विजयी गोल जमाया।

दूसरे सेमीफाइनल में कस्टम एंड एक्साइज ने दिल्ली सरकार को 4-1 से परास्त किया। कस्टम की जीत का आकर्षण रिपु दमन की शानदार तिकड़ी रही। एक गोल महिप अधिकारी ने बनाया। दिल्ली सरकार का गोल मुकेश चान्याल ने किया।

खाद्य निगम टीम की तारीफ यह रही कि उसने दस खिलाड़ियों के रहते जीत हासिल की। उसकी रक्षा पंक्ति के खिलाड़ी गौरव रावत को दसवें मिनट में ही रेफरी राहुल गुप्ता ने फाउल प्ले के लिए लाल कार्ड दिखाया। लेकिन अंततः जीत खाद्य निगम की हुई। दोनों टीमों ने गोल करने के कई आसान मौके गंवाए। फाइनल 14 जून को 4 बजे खेला जाएगा।

# छेत्री के गोल से भारत फाइनल में

**भुवनेश्वर (भाषा)।** करिश्माई खिलाड़ी और कप्तान सुनील छेत्री के गोल के दम पर भारत ने इंटरकांटिनेंटल कप के अपने दूसरे मुकाबले में सोमवार को वनुआतु को 1-0 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट पक्का किया। भारतीय टीम पूरे मैच के दौरान हावी रही लेकिन विश्व रैंकिंग में 164वें स्थान पर काबिज वनुआतु की रक्षापंक्ति ने उसे काफी देर तक बढ़त लेने से रोके रखा।

**इंटरकांटिनेंटल कप**

छेत्री ने मैच के 81वें मिनट में शुभाशीष बोस के द्वारा बाएं किनारे से बॉक्स की ओर भेजी गई गेंद को अपने बाएं पैर से गोल पोस्ट में डाल दिया। सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने के मामले में तीसरे स्थान पर काबिज छेत्री ने इस गोल के बाद इशारा किया कि वह जल्द ही पिता बनने वाले है। उन्होंने गेंद को अपनी टी-शर्ट के अंदर डाल कर इस गोल को अपनी गर्भवती पत्नी को समर्पित किया। छेत्री की पत्नी भी स्टेडियम में मौजूद थी जो ताली बजाकर उनका हौसला बढ़ा रही थी।

भारत ने इससे पहले शुक्रवार को अपने शुरुआती मैच में मंगोलिया को 2-0 से हराया था। भारत दो मैचों में छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। टीम बृहस्पतिवार को अपने आखिरी राउंड रोबिन मैच में लेबनान का सामना करेगी। विश्व रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज भारत पूरे मैच में हावी रहा। टीम ने शुरुआती हाफ में 62 प्रतिशत समय तक गेंद को अपने नियंत्रण में रखा और गोल करने के 13 प्रयास किए। दुनिया में 164 वें स्थान पर काबिज वनुआतु की टीम इस दौरान एक बार भी भारतीय गोल पोस्ट पर निशाना नहीं साध सकी।

पदार्पण कर रहे नंदकुमार सेकर ने प्रभावित किया लेकिन उन्होंने गोल करने के कई मौके भी गंवाए। उनके पास 36वें मिनट में महेश नौरेम के बनाए मौके पर भारत को बढ़त दिलाने का सुनहरा मौका था लेकिन उन्होंने गेंद का गोलपोस्ट से दूर मार दी। नौरेम ने इसके बाद अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों के लिए कई मौके बनाए। मैच के 40वें मिनट में दाएं ओर से लगाए उनके क्रास को छेत्री गोल में नहीं बदल सके।

# हॉट वेदर क्रिकेट : जतिन कादियान के शतक से पेलिकंस क्लब क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** जतिन कादियान लगातार दूसरे शतक 103 रन की बदौलत पेलिकंस क्लब ने डीडीसीए हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली ऑडिट को 77 रनों से हरा दिया। पेलिकंस क्लब ने पहले खेलते हुए 38.5 ओवर में 281 रनों का स्कोर बनया। जतिन कादियान ने 103, भाव्य तिवारी ने 44 व विकास राणा ने 39 रन की पारी खेली। प्रदीप साहू ने तीन विकेट व लोकेश शर्मा ने दो विकेट लिए। जवाब में दिल्ली ऑडिट की टीम 32.2 ओवर में 204 रन पर सिमट गई। अभिनव बाली ने 84 रन की शानदार पारी खेली।



जतिन कादियान

एकल्व्य ने तीन व जतिन कादियान ने चार विकेट लिए। **संक्षिप्त स्कोर** - पेलिकंस क्लब : 38.1 ओवर में 10/281 (जतिन कादियान 103 रन, भाव्य तिवारी 44 रन, विकास राणा 39 रन, प्रदीप साहू 3/51, लोकेश शर्मा 2/9), दिल्ली ऑडिट : 32.2 ओवर में 10/204 (अभिनव बाली 84 रन, प्रियांशू विजयरन 29 रन, एकल्व्य 3/47, जतिन कादियान 3/47)।

### सागर खत्री ने ठोका शतक

मैन ऑफ द मैच सागर खत्री 153 रन, रणजीत सिंह 41 रन और चेतन्य गोयल की 1/36 की मदद से दिल्ली कोल्ट्स ने टाइम्स ऑफ इंडिया को सात विकेट से हरा दिया। **संक्षिप्त स्कोर** - टाइम्स ऑफ इंडिया : 40 ओवर में 238/3 (मधुर यादव 111 रन, काव्या गुप्ता 72 रन, चेतन्य गोयल 1/36), दिल्ली कोल्ट्स : 32 ओवर में 243/3 (सागर खत्री 153 रन, रणजीत सिंह 41 रन, अजय गुलिया 3/43)।

### वर्धन शर्मा व सुमित चमके

मैन ऑफ द मैच वर्धन शर्मा 4/16, सुमित माथुर (41 रन 2/12) और दीपांशु गुलिया 2/13 की मदद से रोहतक रोड जिमखाना ने स्पोर्टिंग क्लब को सात विकेट से पराजित किया। **संक्षिप्त स्कोर** - स्पोर्टिंग क्लब : 23 ओवर में 76/10 (स्पर्श बेनीवाल 14 रन, वर्धन शर्मा 4/16, सुमित माथुर 2/12, दीपांशु गुलिया 2/13), रोहतक रोड : 13 ओवर में 77/3 (सुमित माथुर 41 रन, विजन पंचाल 2/19)।

### मयंक गुप्ता ने ठोका शतक

मैन ऑफ द मैच मयंक गुप्ता (123 रन 3/23) के ऑलराउंड खेल, लक्ष्य रावत 46 रन और अनिंदो नाहरी 46 रन की मदद से मलिक स्पोर्ट्स ने पैरागॉन सीसी को छह विकेट से हराया। **संक्षिप्त स्कोर** - पैरागॉन सीसी : 40 ओवर में 281/8 (सक्षम शर्मा 111 रन, यश शर्मा 39 रन, मयंक गुप्ता 3/23), मलिक स्पोर्ट्स : 39.4 ओवर में 283/4 (मयंक गुप्ता 123 रन, लक्ष्य रावत 46 रन, अनिंदो नाहरी 46 रन, नवीन कुमार 2/59)।

# संदीप यादव अकादमी लिटिल मास्टर कप के फाइनल में

**नई दिल्ली।** मैन ऑफ द मैच परीक्षित (27 रन, 2/24), मिट्टुल 37 रन, मुदित 32 रन, विआन 2/10 के शानदार खेल की मदद से संदीप यादव क्रिकेट अकादमी ने 5वें लिटिल मास्टर क्रिकेट टूर्नामेंट में कैपिटल क्रिकेट अकादमी को 41 रन से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। **संक्षिप्त स्कोर** - संदीप यादव क्रिकेट अकादमी : 35 ओवर में 199/8 (मिट्टुल 37 रन, मुदित 32 रन, परीक्षित 27 रन, कृष्णा 2/31), कैपिटल क्रिकेट अकादमी : 34 ओवर में 158/10 (लेवांते 30 रन ना.कार्तिक 29 रन ना. विआन 2/10, परीक्षित 2/24)।

### सिमरन डबास की शानदार बल्लेबाजी

मैन ऑफ द मैच सिमरन डबास 91 रन की शानदार बल्लेबाजी से एम10 क्रिकेट अकादमी ने चैलेंजर क्रिकेट कप में अरबिन क्रिकेट अकादमी को 57 रन से हरा दिया। पराजित टीम की ओर से प्रेम ने 37 रन व वीरेन चड्ढा ने 36 रन की पारी खेली। **संक्षिप्त स्कोर** - एम10 क्रिकेट अकादमी : 30 ओवर में 224/9 (सिमरन डबास 91 रन, मनीष 2/34), अरबिन क्रिकेट अकादमी : 30 ओवर में 167/10 (प्रेम 37 रन, वीरेन चड्ढा 36 रन, कबैर 2/16)।

### निमित व ऋत्विक की शानदार गेंदबाजी

मैन ऑफ द मैच निमित त्यागी 4/9, त्रिह्त्वक मल्होत्रा 3/17 की घातक गेंदबाजी, सक्षम 62 रन, हेमांग 58 रन, गर्व कुमार 42 रन के शानदार खेल की मदद से हरकोर्ट बटलर अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में यंग फ्रेंड्स अकादमी को 219 रन से पराजित कर दिया। **संक्षिप्त स्कोर** - बाल भवन द्वारका : 39 ओवर में 296/10 (सक्षम 62 रन, हेमांग 58 गर्व कुमार 42 रन, मयंक दास 3/47), यंग फ्रेंड्स : 27 ओवर में 77/10 (निमित त्यागी 4/9, त्रिह्त्वक मल्होत्रा 3/17)।

## आईएनएस विक्रांत पर योग साधना

**टीम आर11 के कार्मिक सोमवार को समुद्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) से पहले आईएनएस विक्रांत पर योग साधना की।**



## सीएम एमके स्टालिन ने मेट्टूर बांध से पानी छोड़ा



**19वीं बार बांध के स्लुइस गेट को सिंचाई के लिए खोला गया**

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को मेट्टूर बांध से राज्य के कावेरी डेल्टा क्षेत्र में खेती के लिए पानी छोड़ा गया। श्री स्टालिन ने राज्य के मंत्रियों दुरईमुरुगन, के.एन.नेहरू और एमआरके पन्नीरसेल्वम और सलेम जिला कलेक्टर एस. कर्मेगाम तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पानी में फूल बरसाने के बाद स्लुइस गेट को खोला और बांध से पानी छोड़ा गया। यह 19वीं बार था जब बांध के निर्माण के बाद से मेट्टूर बांध के स्लुइस गेट को 12 जून की निर्धारित तिथि पर सिंचाई के लिए खोला गया। इससे पिछले साल श्री स्टालिन ने 24 मई को मेट्टूर बांध को आजादी के बाद पहली बार 12 जून की निर्धारित तिथि से पहले खोला था। बांध में सोमवार को जल स्तर 69.252 टीएमसी फीट के भंडारण स्तर के साथ 103.35 फीट था।

## पवार को धमकी देने वाला गिरफ्तार

**पुणे, (एजेंसी)।** राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले आईटी इंजीनियर को पुणे से अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान सागर बर्वे (34) के रूप में हुई है। मुंबई अपराध शाखा दल ने पुणे से गिरफ्तार किया है। आरोपी बर्वे को स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया।

## ओडिशा में करोड़ों रुपए की संपत्ति जब्त

**भुवनेश्वर, (एजेंसी)।** सतर्कता विभाग ने सोमवार को ओडिशा के कटक में एक अभियंता विकास भुइयां के कब्जे से करोड़ों की संपत्ति का पता लगाया। अब तक तक 1.23 लाख रुपये की क्रिप्टो करेंसी में निवेश और 13.40 लाख रुपये के एक चार पहिया और तीन दो पहिया वाहनों का पता चला है। आगे की जांच अभी जारी है।

## कांग्रेस, मां-बेटा और बेटी की पार्टी: भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

**विपक्ष सत्ता के लिए हर समझौते को तैयार**

**कांगड़ा, (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को हिमाचल के कांगड़ा में कहा कि कांग्रेस, मां-बेटा और बेटी की पार्टी है। आज के समय में सिर्फ भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो विचारों पर चलती है। देश की बाकी सभी पार्टियां विचारों से शून्य हो चुकी हैं। नड्डा ने कहा- सत्ता के लिए वे हर समझौता करने के लिए तैयार हैं। मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर नड्डा सोमवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में रैली को संबोधित कर रहे थे। विपक्षी दलों की होने वाली बैठक पर कहा- मुझे हंसी आती है। बिहार में 23 जून को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक पर नड्डा ने कहा कि मुझे कई बार हंसी भी आती है और आश्चर्य भी होता है। कांग्रेस पार्टी और सीपीएम दोनों हाथ मिलाकर चुनाव में उतरते हैं। 23 जून को बिहार में विपक्षी दलों की बैठक होगी। विपक्ष सत्ता के लिए हर समझौते को तैयार है।

## वंदे भारत: चार सुरंग में से गुजरेगी हाई स्पीड ट्रेन



**रांची, (एजेंसी)।** पटना के रांची के बीच सफर अब पहले से सुगम और आरामदायक होने जा रहा है। करीब 410 किलोमीटर का सफर 6 घंटे से भी कम समय में पूरा होगा। सोमवार को पहली बार पटना से रांची के बीच इसका ट्रायल किया गया। पटना रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन तय कार्यक्रम के मुताबिक सोमवार सुबह 6 बजकर 55 मिनट पर रवाना हुई और निर्धारित समय से करीब 30 मिनट पहले ही रांची पहुंच गई।

रांची से पटना के बीच ट्रेन 6 स्टेशनों पर रुकेगी। मेसरा, बरकाकाना, हजारीबाग, कोडरमा, गया और जहानाबाद में ठहराव होगा। दोनों पड़ोसी राज्यों की राजधानी के बीच चलने वाली ट्रेन ऐसे रूट से गुजरेगी जिस पर यात्री प्राकृतिक सुंदरता का लुत्फ भी ले पाएंगे।यह ट्रेन सिधवार (रामगढ़) और सांकी (रांची) के बीच सुरंगों और ऊंचे रेलवे पुलों से गुजरेगी। सिधवार और सांकी के बीच 27 किलोमीटर का हिस्सा चार सुरंगों से होकर गुजरता है, जिनमें से सबसे लंबी सुरंग 1.7 किलोमीटर लंबी है, जबकि तीन अन्य सुरंग लगभग 600 मीटर लंबी हैं।

इससे पहले, ट्रायल रन 11 जून के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन झारखंड में एक छात्र समूह द्वारा बुलाए गए दो दिवसीय राज्यव्यापी बंद के कारण इसे सोमवार के लिए निर्धारित किया गया था। ट्रायल रन के दौरान इस ट्रेन का परिचालन तेज गति से किए जाने की वजह से रेल प्रशासन ने लोगों से अपील की थी कि रेलवे ट्रैक से उचित दूरी बनाकर रखें।

## एनआईए ने कश्मीर में तीन संपत्तियां की कुर्क

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को आतंकियों को धन मुहैया कराये जाने के मामले में कुपवाड़ा जिले में तीन संपत्तियों को कुर्क किया है। अफसरों ने बताया कि कश्मीर के बघाटपोरा हंदवाड़ा में जहूर अहमद शाह वटाली की संपत्तियां कुर्क की गईं। वटाली को एनआईए ने 2017 में आतंकी फंडिंग केस में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एनआईए अफसरों के एक दल ने सोमवार सुबह 13.3 मरला, 8.6 मरला और 10.3 मरला की जमीन कुर्की की और जमीन के पास 'कुर्की का नोटिस' लगाकर लोगों को इसके बारे में आगाह किया।

## एनआईए ने वीडियो जारी कर कहा- उपद्रवियों को पहचानें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** इस साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा प्रदर्शन करने और तोड़फोड़ करने के मामले में जांच एजेंसी एनआईए ने जांच शुरू कर दी है। जांच के क्रम में एनआईए ने हिंसक प्रदर्शन करने और तोड़फोड़ की कोशिश करने वालों की पहचान करने में आम लोगों की मदद मांगी है। एजेंसी के आधिकारिक प्रवक्ता ने 19 मार्च को हुई घटना के पांच वीडियो के लिंक अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर किए हैं। साथ ही लोगों से फुटेज में देखे गए व्यक्तियों के बारे में कोई भी जानकारी एनआईए को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

## ऑस्ट्रेलिया में बस दुर्घटना में 10 की मौत, 25 घायल

**सिडनी, (एजेंसी)।** आस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स प्रांत के हंटर क्षेत्र में रविवार देर रात विवाह समारोह की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 लोगों की मौत हो गई है और 25 अन्य घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने सोमवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आपातकालीन सेवाओं पर रविवार रात 11:30 बजे ग्रेटा में हंटर एक्सप्रेसवे ऑफ-रैंप के पास वाइन कंट्री ड्राइव चौराहे पर एक बस के पलटने की सूचना मिली। न्यू साउथ वेल्स पुलिस बल की कार्यवाहक सहायक आयुक्त ट्रेसी चैपमैन ने पत्रकारों को बताया कि 10 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है, जबकि दुर्घटना में घायल 25 अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस चालक (58) को अनिवार्य जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। और वह अब सेसनॉक पुलिस थाने में और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## आज का इतिहास

- 1290: जलालुद्दीन फ़रोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा।
- 1625: ब्रिटेन के राजा हेनरी प्रथम ने फ्रांस की राजकुमारी हिनरीती से विवाह किया।
- 1721: इंग्लैंड ने मैड्रिड के साथ संधिपत्र पर हस्ताक्षर किए।
- 1888: अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया।
- 1927: अमेरिका में पहली बार स्टेचू आफ लिबर्टी के दाहिने हाथ से अमेरिकी ध्वज प्रदर्शित किया।
- 1932: इंग्लैंड और फ्रांस ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1978: इजरायल के सुरक्षा बल लेबनान से हटे।
- 1993: किम कैंपबेल कनाडा की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- 1995: फ्रांस ने दक्षिण प्रशांत में आठ और परमाणु परीक्षण करने की घोषणा की।

## अन्नदाताओं को अब ऊर्जा दाता की भूमिका निभाने की जरूरत: गडकरी

**देवरिया ■ ब्यूरो**

प्रदूषण की रोकथाम और पर्यावरण सुधार की दिशा में कड़े कदम उठाने की वकालत करते हुये केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि इलेक्ट्रिक, बायो गैस, बायो डीजल, ग्रीन हाईड्रोजन, बायो मिथेनॉल आदि गैर-पारम्परिक स्त्रोतों से संचालित वाहनों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए और इसमें अन्नदाता किसान महती भूमिका निभा सकते हैं।

देवरिया में छह हजार 200 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत वाली पांच परियोजनाओं के शिलान्यास के मौके पर उन्होने कहा कि पर्यावरण सुधार की ओर ध्यान देने की जरूरत है। प्रदूषण से मुक्ति के लिये वाहनों में ईंधन के गैर परम्परागत स्त्रोत का उपयोग किया जाना चाहिए। इसके लिये इलेक्ट्रिक, बायो गैस, बायो डीजल, ग्रीन हाईड्रोजन, बायो मिथेनॉल आदि गैर-पारम्परिक स्त्रोतों से संचालित वाहनों को



**6,200 करोड़ की लागत वाली पांच परियोजनाओं का शिलान्यास**

बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

देश के किसानों को अब ऊर्जा दाता बनाना होगा। यह प्रयास करने की जरूरत है कि हम ऊर्जा का आयात करने वाला देश नहीं, बल्कि निर्यात करने वाला देश के रूप में पहचान बनाये। देश का चौतरफा विकास करना हमारी सरकार की जवाबदारी है। स्वराज को सुराज में बदलना उनकी सरकार का मिशन है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम हो रहा है। आज दुनिया में भारत की पहचान ताकतवर राष्ट्र के रूप में हो रही है। सड़कों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़कों के निर्माण और इससे जुड़ी अधो-संरचनाओं तथा परिवहन संबंधी परियोजनाओं में नई और उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे जहाँ एक ओर लागत में बड़ी कमी आ रही है, वहीं दूसरी ओर गुणवत्ता में भी सुधार हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाने के साथ अब वह पेट्रोल-डीजल का प्रदूषण रहित वकिल्पों को अपनाने की दशिा में काम किया जा रहा है जिसके तहत गन्ने के बाद अब मक्का समेत कई अन्य कृषि उत्पादों से इथेनॉल बनेगा।

इस इथेनॉल से न सिर्फ गाड़ियां बल्कि मोटर इंजन चलाने के लिए डीजल और पेट्रोल के प्रति निर्भरता कम होगी।

## Filmi तड़का

**कृति सेनन का लेटेस्ट पोस्ट देख भड़के नेटिजन्स**



## सीता मां से अपनी तुलना न करें..

**मुंबई।** ओम राउत के निर्देशन में बनी फिल्म 'आदिपुरुष' अपनी रिलीज को लेकर चर्चाओं में है। मूवी में प्रभास, श्रीराम की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, कृति सेनन को माता सीता के किरदार में देखा जाना है। स्टारकास्ट फिल्म का प्रमोशन जोरो-शोरों से कर रही है। इसी बीच कृति फिल्म से जुड़े सीता के किरदार की एक तस्वीर साझा करती नजर आई हैं। हालांकि, नेटिजन्स को कृति का यह अंदाज पसंद नहीं आया है। इसी का नतीजा है कि एक्ट्रेस जबरदस्त ट्रोल्स की शिकार हो गई हैं।

### कृति सेनन का सोशल मीडिया पोस्ट

कृति ने अनले ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में कृति सेनन, सीता के किरदार में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। जहां, एक्ट्रेस के फैंस तस्वीर की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। तो वहीं, ट्रोल्स ने कृति को आड़े हाथों लेना शुरू कर दिया है। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा है, 'कृपा कर अपनी तुलना माता सीता से न करें।'

### पहले रामायण के पांच श्लोक बिना पढ़ेसुनाएं

कृति सेनन की तस्वीर पर टिप्पणी करते हुए दूसरे यूजर ने लिखा है, 'पहले रामायण के पांच श्लोक बिना पढ़े सुना दो।' वहीं, एक अन्य लिखते हैं, 'किसबाज को माता सीता का किरदार शोभा नहीं देता।' ऐसे ही कई अन्य शख्स भी कमेंट कर कृति सेनन की क्लास लगाते नजर आए हैं। कृति ने पोस्ट में दो तस्वीरों की एक सीरीज साझा की है।

### आदिपुरुष की रिलीज डेट 16 जून

ओम राउत के जरिए लिखित और निर्देशित फिल्म 'आदिपुरुष' हिंदू महाकाव्य रामायण पर आधारित है। टी-सीरीज और रेट्रोफाइल्स के जरिए निर्मित इस फिल्म में प्रभास को भगवान राम और सैफ अली खान को रावण के रूप में दिखाया गया है। यह फिल्म 16 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, जानकी की भूमिका निभा रहीं कृति सेनन ने फिल्म का हिस्सा बनने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा है, यह वास्तव में एक चुनौतीपूर्ण भूमिका थी।

### द ट्रायल: ट्रेलर रिलीज पर अजय ने काजोल को लेकर किया मजाक

**मुंबई।** कोर्टरूम ड्रामा वेब सीरीज द ट्रायल के निर्माताओं में से एक बॉलीवुड स्टार अजय देवगन ने मुंबई में सोमवार को ट्रेलर लॉन्च के दौरान अपनी पत्नी काजोल को लेकर हल्के-फुल्के अंदाज में मजाक किया। काजोल इस वेब सीरीज में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या एक निर्माता के रूप में काजोल के साथ काम करने पर उन्हें सेट पर एक्टर ट्रबल का सामना करना पड़ता है, अजय ने कहा, एक्टर ट्रबल केवल घर पर है, वैसे यह कास्ट और एक्टर शानदार हैं।

## बृजभूषण के खिलाफ बयान देने वाले रेफरी को हटाया

**डब्ल्यूएफआई के चुनाव 4 जुलाई को होंगे**

**पानीपत, (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव 4 जुलाई को होंगे। फेडरेशन ने सोमवार को इसका ऐलान किया। चुनाव के लिए जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस महेश मित्तल कुमार को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

पहलवानों से मीटिंग में खेल मंत्री ने 30 जून तक चुनाव कराने का भरोसा दिया था। बृजभूषण शरण सिंह यह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। वे लगातार तीन बार अध्यक्ष रहे, इसलिए फेडरेशन के नियमों के अनुसार वे किसी भी पद के लिए चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। वहीं 4 महिला पहलवानों ने दिल्ली पुलिस को पूर्व डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ यौन शोषण के ऑडियो-विजुअल सबूत उपलब्ध करवा दिए हैं।

**1 कोच और 2 रेफरी को हटाया गया:** एशियन चैंपियनशिप से एक कोच और 2 रेफरी को हटाने की खबर है। हटाए गए रेफरियों में से एक जगबीर सिंह ने बृजभूषण के खिलाफ बयान दिए थे।

अंडर-23 और अंडर-17 कैटेगरी में एशियन चैंपियनशिप का आयोजन 10 से 18 जून तक कजाकिस्तान में होना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जगबीर सिंह के अलावा अंडर-17 टीम के कोच राजीव तोमर और रेफरी वीरेंद्र मलिक को भी एशियन चैंपियनशिप में नहीं भेजने का फैसला किया गया है। जगबीर के बयान को सरकार के खिलाफ माना गया। इसी तरह वीरेंद्र मलिक और राजीव दोनों बृजभूषण के करीबी हैं।

इस कारण उनका नाम भी हटाया गया है। वीरेंद्र को 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान ग्लासगो में यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार तक किया गया था।

## मुख्तार के खिलाफ गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट में फैसला आज

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी को अवधेश राय हत्याकांड मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अब गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में एक और मामले का फैसला आने वाला है। दरअसल गाजीपुर के करंडा थाने के सबुआ गांव के कपिल देव सिंह हत्याकांड व मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या की कोशिश के केस में मुख्तार को आरोपी बनाया था। इस बाबत करंडा थाने में मुख्तार अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## पुणे में वरकरी भक्तों की पुलिस से भिड़ंत, नहीं हुआ कोई लाठीचार्ज

**पुणे, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में रविवार को वरकरियों (भगवान विट्ठल के भक्तों) और पुलिस के बीच जुलूस में कहासुनी हुई, लेकिन कोई लाठीचार्ज की घटना नहीं हुई। इसकी जानकारी पिंपरी चिंचवाड़ पुलिस आयुक्त विनय कुमार चौबे ने दी।

उन्होंने बताया कि एक जुलूस के दौरान वरकरियों और पुलिस के बीच हाथापाई हुई। कुछ स्थानीय युवकों ने पालकी जुलूस में जबरन घुसने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस से उनकी कहासुनी हो गई। पुलिस ने उनके खिलाफ कोई लाठीचार्ज या बल का इस्तेमाल नहीं किया।

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी रविवार को पुणे के आलंदी कस्बे में पुलिस की ओर से वरकरियों पर लाठीचार्ज की खबरों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि वरकरियों और पुलिस के बीच मामूली हाथापाई हुई।

## जापान ने समुद्र में बना डाली सुरंग, विरोध में खड़े हुए कई देश

**टोक्यो, (एजेंसी)।** जापान फुकुशिमा परमाणु संयंत्र के जल को समुद्र में छोड़ना चाह रहा है। जबकि इसके रेडियोधर्मी होने की वजह से समुद्री जीवों के मृत हो जाने का खतरा है। हालांकि जापान का कहना है कि वह इसे शोधित करके समुद्र में डालेगा। इसके लिए उसने समुद्र के अंदर तट से 1 किलोमीटर की दूरी पर सुरंग भी बना डाली है। लेकिन तमाम देश इसके विरोध में खड़े हो गए हैं।

**जी-20 बैठक** विकास मामलों के मंत्रियों के सम्मेलन में पीएम मोदी ने वीसी से कहा

## वित्तीय संस्थानों में सुधार, डेटा समावेशन जरूरी

**वाराणसी ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 देशों ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास करने तथा इसके लिए ग्लोबल साउथ के विकासशील देशों को ऋण जोखिमों को दूर करने के लिए बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों में सुधार करने का सोमवार को आह्वान किया। श्री मोदी ने यहां जी-20 देशों के विकास मामलों के मंत्रियों के सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में अपने वीडियो संदेश में यह आह्वान किया। उन्होंने मेहमान मंत्रियों का वारणसी में स्वागत करते हुए कहा कि मैं लोकतंत्र की जननी के सबसे पुराने जीवित शहर में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। यह जी-20 विकास मंत्रियों की बैठक के लिए उपयुक्त स्थान है। काशी सदियों से ज्ञान, चर्चा, वाद-विवाद, संस्कृति और अध्यात्म का केंद्र रहा है। इसमें भारत की विविध विरासत का सार है और यह देश के सभी हिस्सों के लोगों के लिए एक अभिसरण बिंदु के रूप में कार्य करता है। मुझे खुशी है कि जी-20 विकास का एजेंडा काशी तक भी पहुंच गया है।



### ग्लोबल साउथ के लिए विकास एक मुख्य मुद्दा

प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ के लिए विकास एक मुख्य मुद्दा है। ग्लोबल साउथ के देश वैश्विक कोविड महामारी द्वारा उत्पन्न व्यवधान से गंभीर रूप से प्रभावित थे, और भू-राजनीतिक तनावों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट ने एक और झटका दिया है। ऐसी परिस्थितियों में, आपके द्वारा लिए गए निर्णय पूरी मानवता के लिए बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पीछे नहीं आने देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। इस समूह के लिए दुनिया को एक मजबूत संदेश देना अनिवार्य है कि इसे हासिल करने हमारे पास एक कार्य योजना है।

# देश की समस्याओं का समाधान प्रबल राष्ट्रवाद में है- रामकुमार वर्मा

प्रखर प्रयागराज । राष्ट्रीय समस्याओं का समाधान प्रबल राष्ट्र भाव के जागरण से ही संभव है।राष्ट्र भाव का यदि जागरण हो गया तो इस राष्ट्र को कोई मिटा नहीं सकता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रबलराष्ट्र जागरण के कार्यमें ही निरंतर लगा हुआ है। देश के भीतर की कुछ शक्तियां गजवा ए हिंद को चोरी छुपे समर्थन देकर इस राष्ट्र को कमजोर करने की फिराक में है देशवासियों को इनसे सावधान रहने की जरूरत है।

यह बातें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के सह क्षेत्र संघचालक राम कुमार वर्मा ने कही। वह सोमवार को सायंकाल गौहनिया स्थित वात्सल्य परिसर में पिछले 20 दिनों से चल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष (सामान्य )के समापन समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में प्रशिक्षणार्थियों एवं नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। अपने उद्बोधन में उन्होंने आगे कहा कि अमृत महोत्सव के दौरान पूरे देश भर में संघ ने राष्ट्र के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले ऐसी वीर सपूतों की देशवासियों को याद दिलाई जिन्हें इतिहास के पन्नों में स्थान नहीं मिल सका था। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तथा महर्षि दयानंद की 200वी जयंती पर वर्ष भर संपूर्ण देश में राष्ट्रीयता एवं सांस्कृतिक नवजागरण का अभियान चलेगा इसी से राष्ट्र के नवोत्थान का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्र का भावात्मक स्वरूप ही राष्ट्रभाव कहा जाता है।यह सनातन सांस्कृतिक हिन्दू राष्ट्र है। यहां राष्ट्रपिता की कल्पना कठिन है।

उन्होंने देशवासियों को आगाह किया कि देश के भीतर की कुछ शक्तियां गजवा ए हिंद जैसे अभियान को चोरी-छिपे अपना समर्थन दे रही है ।इससे सावधान रहने की जरूरत है। देश में बढ़ रहे ईसाई मतान्तरणरण ,लव जिहाद अप संस्कृति के बढ़ते प्रयोग स्व भाषा के प्रति सम्मान की कमी लिव इन रिलेशन समलैंगिकता



से भी देश कमजोर हो रहा है। समय रहते देशवासियों को जागरूक होकर इसका प्रतिकार करना होगा । इससे देश कमजोर हो रहा है। केक काट कर बर्थडे मनाना, टाई बांथना नाम पट्टी अंग्रेजी में लिखना छोडना पडेगा।

सामाजिक समरसता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी भाव के जागरण तथा नागरिक कर्तव्यों के प्रति पूर्ण समर्पण जैसे उपायों से इस राष्ट्र को सशक्त एवं सुदृढ़ किया जा सकता है। संघ के स्वयंसेवकों को इन उपायों का अवलंबन करना होगा।इसी से नष्ट होती मयार्दाओं को बचाया जा सकता है।राम बन कर सबरी के झूठे बेर तथा केवट को गले लगाना होगा तब हिन्दू समाज मजबूत होगा। स्वदेशी, स्वभाषा स्वभूषा का अभिमान जरूरी है। नागरिक शिष्टाचार किसी राष्ट्र की मजबुती जरूरी है तभी समान नागरिक संहिता लागू हो सकेगी। इसके अनुपालन से अखंड भारत का सपना साकार हो ?सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो केशर मुकुल शरद सुदावणे ने कहा कि संघ राष्ट्र को सर्वोपरि समझता है। आप ने जीवन की शिक्षा प्राप्त की है। इसके लिए आप सभी को बधाई। नागपुर की पवित्र भूमि मेरा गृह जनपद है। वर्ग में आकर मैं अपने आप को सौभाग्यशाली समझ रहा हूं। मंच पर प्रांत संघ चालक डॉ विश्वनाथ लाल निगम ,वर्ग अधिकारी सीताराम केसरी, विभाग संघचालक प्रो के पी सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

इससे पहले परम पवित्र भगवा ध्वज का ध्वजारोहण हुआ और सामूहिक संघ प्रार्थना के साथ अनुशासन बद्ध स्वागत प्रणाम हुआ।वर्ग में पिछले 23 मई से शिक्षण प्राप्त कर रहे गणवेश धारी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से प्रत्युत्प्रचलनम, प्रदक्षिणा संचलन, सामूहिक समता, दण्ड,दण्डयोग, दंड प्रहार, पदविन्यास नियुद्ध,योग आदि का समवेत आकर्षक प्रदर्शन किया। वर्ग गीत के बाद अतिथि परिचय एवं वर्ग वृत्त वर्ग कार्यवाह घनश्याम जी ने प्रस्तुत किया। आभार ज्ञापन वर्ग व्यवस्था प्रमुख राकेश सेंगर अमृत वचन मधुरम एवं आशुतोष तथा एकल गीत चंद्रभूषण ने प्रस्तुत किया। ध्वजावतरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।कार्यक्रम में गंगा समग्र के राम आशीष , सहप्रांत संघचालक अंगराज , सहप्रांत कार्यवाह प्रो राजबिहारी , प्रांत प्रचारक रमेश जी, सह प्रांत प्रचारक मुनीश , प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख संतोष कुमार,सह विभाग प्रचारक प्रयाग नितिन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार देश की बुनियादी जरूरतों के प्रति निष्ठा से कार्य कर रही है : सपना सिंह

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में देश के सम्मान और जन समृद्धि, जन कल्याण के लिए किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने को लेकर 30 मई से 30 जून तक के महाभियान में चल रहे भाजपा संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन आज जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता में नगर के अवध पैराडाइज में सदर विधानसभा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करती हुई मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत, मजबूत भारत के संकल्पित सोच को लेकर विगत नौ वर्षों से अथक अनवरत काम करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे देश आज विश्व में अपनी अलग पहचान स्थापित कर चुका है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास,सबका प्रयास के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए भाजपा सरकार




आज देश कि बुनियादी जरूरतों के प्रति सरकार पूरी निष्ठा से निष्पक्षता से कार्य कर रही है। समारोह अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा 01 महीने तक निरंतर कार्यक्रमों को किया जाना अपने शीर्ष नेतृत्व द्वारा निर्देशित है ।जिसमे 30 मई को उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने प्रेस वार्ता के माध्यम से उत्तर प्रदेश की जनता को केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में सबको अवगत कराया।उन्होंने बताया कि लोकसभा स्तर पर जखनियां विधानसभा में आने वाले 18 जून को विशाल जनसभा आयोजित की गई है। इसके अलावा विधानसभा स्तर पर लाभार्थी सम्मेलन तथा 21जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम शक्ति केन्द्र स्तर पर आयोजित किया जाएगा। तथा 23 जून को डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रत्येक बूथ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम एवं 25 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 102वें संस्करण का प्रसारण भी बूथ स्तर पर सुना जाएगा। इस अवसर भाजपा के सभी सात मोर्चों के जिलाध्यक्षों ने निवेदन कर अपने मौर्चा के लिए निर्धारित कार्यक्रम का विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने सबका आभार ज्ञापित किया। सम्मेलन का संचालन महामंत्री प्रवीण सिंह ने किया। सम्मेलन मे प्रो शोभनाथ यादव, ओमप्रकाश राय, दयाशंकर पांडेय, सुनील सिंह, रामनरेश कुशवाहा, विनोद अग्रवाल, अच्छेलाल गुप्ता, सुरेश बिंद, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, सोशल मीडिया संयोजक कार्तिक गुप्ता, गुलाम कादिर राइनी, शैलेश राम, मनोज बिंद, अविनाश सिंह, विनोद खरवार, किरन सिंह, रूद्र प्रताप सिंह, संतोष जायसवाल, मुरली कुशवाहा, अभिनव सिंह छोटू, कल्पना कुशवाहा, दुष्यन्त अग्रहरि, माया सिंह, रीमा खरवार, सहित सभी मोर्चों के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

## विजय कुमार वर्मा निर्वाचित हुए जिला सहकारी संघ लिमिटेड के सभापति

प्रखर मिजार्पुर। शहर वासलीगंज स्थित जिला सहकारी संघ लिमिटेड मीरजापुर/सोनभद्र कार्यालय पर मंगलवार को संघ की प्रबंध कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। कार्यकारिणी के सभी पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन हुआ।संघ के सभापति पद पर चुनार नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा को सभापति चुना गया। शिव शरण सिंह को उपसभापति चुना गया।प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में कोन से अल्पना सिंह,घोरावल से मनोज कुमार,छानबे से अरविंद कुमार सिंह, जमालपुर से विशाल सिंह, नारायनपुर से पंचम सिंह, मझवां से जय प्रकाश सिंह, राबर्ट्सगंज से अजीत कुमार सिंह, सीखड़ से शिव शरण सिंह,हलिया से लव कुमार, मिजार्पुर से विजय कुमार वर्मा, सोनभद्र से प्रतिभा सिंह को चुना गया। इसके अलावा संघ से डेलीगेट का भी चुनाव संपन्न कराया गया। पैकफैड उत्तर प्रदेश सहकारी विधायी एवं निर्माण संघ लिमिटेड के लिए बृजभूषण सिंह, केंद्रीय भंडारण निगम नई दिल्ली के लिए हरिशंकर सिंह, जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मीरजापुर के लिए राजेश कुमार



एवं लव कुमार कोल, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ लिमिटेड के लिए दिनेश कुमार वर्मा, उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ लोक नारायण सिंह, उत्तर प्रदेश प्रोसेसिंग आयल एवं दाल संघ लिमिटेड लखनऊ दिनेश प्रताप सिंह को चुना गया। संघ के लिए हुए चुनाव में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी का एक तरफा दबदबा दिखाई दिया।

## नेटवर्क की समस्या से पिछ्ले तीन महीने से गरीब कार्डधारक हो रहें हैं परेशान : गिरीश तिवारी

प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी गिरीश तिवारी ने एक कार्यक्रम में बताया कि सर्वर सही ना हो के कारण पिछ्ले तीन महीने से कार्डधारकों और राशन डीलर परेशानी का सामना कर रहे हैं।कही कही राशन डीलर और कार्डधारक के बीच वाद विवाद हो जा रहा है।आज जून माह का वितरण प्रारंभ हुआ।सुबह से नेटवर्क की समस्या आने लगा।यही हाल पिछ्ले तीन महीने से हो रहा है।इसकी जानकारी खाद्य रसद आयुक्त महोदय प्रमुख सचिव महोदया को लिखित मे संगठन के अध्यक्ष श्री ?राजेश तिवारी जी दिया जा चुका है। लेकिन इसमें कोई सुधार नहीं हो रहा है। सोचिये 43डिगी तापमान में कोटेदार और कार्डधारक खड़े हैं मशीन में अंगूठा लगाने को और दो तीन घंटे तक मशीन में सर्वर सही नहीं हो रहा है।

## ईट भट्ठे के मुनीम के हत्या का पर्दाफाश, दो अभियुक्त गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। थाना चुनार पर दिनांकः 08.06.2023 को थाना चुनार क्षेत्रांतर्गत ग्राम दयालपुर नऊआवरी निवासी मु0 अजहर पुत्र मु0 मजीद द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध अपने (वादी) पिता की हत्या करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मु0अ0सं0-201/2023 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में घटना का सफल अनावरण एवं घटना से सम्बन्धित अपराधियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना चुनार को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 13.06.2023 को थाना चुनार पुलिस, एसओजी व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा भौतिक/इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलन



व प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार थाना चुनार क्षेत्र से पर प्रकाश में आये 02 नफर अभियुक्तों 1. आशीष उराव पुत्रसुखदेव उराव पुत्र चूगलू व 2. सन्तोष उराव पुत्र बोलवा उराव को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तों की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल 02 अदद बेंत व 02 अदद मोबाइल बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बंध में थाना चुनार पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल गया। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछने पर बताये की ईट भट्ठे के मुनीम मु0 मजीद पुत्र शरीफ को पुरानी रंजीश की बात को लेकर बंगला देवरिया गांव की तरफ जाने वाले सुनसान रास्ते पर मौका देखकर दिनांक 07.06.2023 को रात्रि में डण्डे (बेंत) से मारपीट कर हत्या कर दिये थे ।

# ऑटो यात्रियों के साथ चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अन्तर्जनपदीय गैंग का पर्दाफाश

**चोरी हुए नगदी व जेवर की शत-प्रतिशत बरामदगी, गैंग के 06 सदस्य गिरफ्तार**

प्रखर मिजार्पुर। थाना ड्रमण्डगंज, पर दिनांकः 11.06.2023 को वादी रामबाबू यादव पुत्र भुल्लन प्रसाद यादव निवासी टिकरी अकोढ़ी थाना कौधियारा जनपद प्रयागराज द्वारा अपनी पत्नी के साथ ऑटो में सवार होकर ससुराल जाते समय उनके बैग से पत्नी के आभूषण व नगदी चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । उक्त तहरीर के आधार पर थाना ड्रमण्डगंज पर मु0अ0सं0-39/2023 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी । पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चोरी की घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में घटना के सफल अनावरण एवं घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी व बरामदगी



करने हेतु थानाध्यक्ष ड्रमण्डगंज को निर्देश दिए गये । उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः12.06.2023 को थाना ड्रमण्डगंज पुलिस द्वारा सुरागरसी-पतारसी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आयें घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों के ऑटो और मोटरसाइकिल से सवार होकर कहीं जाने के सम्बन्ध में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई । उक्त सूचना पर थाना ड्रमण्डगंज पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग कर ऑटो एवं मोटरसाइकिल सवार 06 अभियुक्तों 1.मो0ताजिम, 2.आमिर, 3.करीम, 4.घनश्याम, 5.अकबर व 6.उमेश कुमार वैश्य को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मु0अ0सं0-39/2023 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित चोरी हुआ शत-प्रतिशत माल(एक अदद करधन, दो अदद छागल, एक अदद अंगूठी, एक अदद लॉकेट तथा ?3500/- रू0 नगद) बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुएजेल भेजा गया तथा चोरी की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त ऑटो वाहन संख्याःUP70HT1974 व मोटरसाइकिल वाहन संख्याःUP70FC6163 के वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में घटना को स्वीकार करते हुए बताया गया कि हम लोगो का एक गैंग/गिरोह है जो सुनियोजित ढंग से ऑटो में यात्रियों को बैठाकर उनके गन्तव्य को ले जाने के दौरान उनका सामान, पैसा, पर्स इत्यादि को मौका देख चोरी कर लेते है।

## स्व. यमुना देवी के प्रथम पुण्यतिथि पर हुआ भण्डारे का आयोजन

प्रखर आजमगढ़। स्व यमुना देवी के सुयोग्य पुत्रों में डॉ सुरेन्द्र चौबे व रविन्द्र चौबे ने परिवार सहित बड़ा गणेश मंदिर पर प्रकांड विद्वान अशोक उपाध्याय द्वारा विधिवत हवन पूजन के साथ ही गणेश भगवान की वंदना आरती किया गया ततपश्चात प्रसाद स्वरूप विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरत मंदो को भोजन कराया गया। बड़ा गणेश के महंत परमपूज्य राजेश मिश्र जी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से मृतक आत्मा को मोक्ष के साथ ही परिवार में शांति बनी रहती है और गरीबो को भोजन कराना मृतक आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम में पीसीएफ उत्तर प्रदेश के उपसभापति रामशंकर जायसवाल, वेदान्ता इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह, अखिलेश सिंह बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट, मुसाफिर चौबे, सुरेश चौबे, श्रीकांत चौबे, पवन चतुर्वेदी, आरती चौबे, बृजेन्द्र पाण्डेय जी, दिनेश तिवारी, शमानंद पाण्डेय, राजेन्द्र पाण्डेय, आलोक राय, अरविंद शुक्ला, भीमसेन सिंह सहित सभी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आइडियल जर्नलिस्ट एसोसिएशन



के राष्ट्रीय महासचिव साहित्यकार संजय कुमार पांडे ने पूज्यनीय स्वर्गीय यमुना देवी को नमन करते हुए उनके योग्य सुपुत्र को ऐसे कार्यक्रम के लिए बधाई दी एवं बड़ा गणेश मंदिर के महंत परम पूज्य राजेश मिश्रा जी को एसोसिएशन की वार्षिक पत्रिका आइडियल इंडिया भेंट कर सम्मानित किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### भुड़कुड़ा पुलिस ने किया पास्को एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी भुड़कुड़ा रविन्द्र कुमार वर्मा के कुशल पयेर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक, विवेचक तारावती यादव कोतवाली भुडकुडा मय हमराह द्वारा मंगलवार को पास्को ऐक्ट की धारा 376 से सम्बन्धित अभियुक्त का घर वहद ग्राम दामोदरपुर थाना भुडकुडा गाजीपुर। वादीनी गुन्जना यादव निवासी दामोदरपुर थाना भुडकुडा जिला गाजीपुर बनाम अरविन्द यादव (डब्ल यादव) पुत्र शिवदास यादव निवासी दामोदरपुर थाना भुडकुडा जनपद गाजीपुर को जखनियाँ रेलवे स्टेशन से समय 04.25 बजे गिरफ्तार किया , गिरफ्तार अभियुक्त के विरूध्द कानूनी कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव, कांस्टेबल सुधान्शु रंजन, कांस्टेबल अखिलेश कुमार शामिल रहे।

### सात लाख के अवैध गांजा के साथ 5 गांजा तस्कर गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। कछवा थाना कछवां, स्वाट/सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांकः12.06.2023 को थाना कछवां पुलिस



को मुखबिर से कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के बैंग के साथ थाना कछवां क्षेत्र में होने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त सूचना के आधार पर थाना कछवां, स्वाट/सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना कछवां क्षेत्र से 05 व्यक्तियों 1. रितिक सिंह, 2. अभिषेक राय उर्फ राघव, 3. सुधीर ओझा, 4. रीशु ठाकुर, 5. रोशन ठाकुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से बैग में छोटे-बड़े 17 पैकेटो में रखा हुआ कुल 35 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कछवां पर मु0अ0सं0-73/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है। पकड़े गये अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह अपने लीडर के कहने पर उड़ीसा प्रान्त से गांजा लेकर आये थे जिसकी सप्लाई गाजीपुर निवासी एक व्यक्ति को करनी थी उसी का इंतजार कर रहे थे कि पकड़े गये । उड़ीसा से गांजा लाकर सप्लाईकर्ता तक पहुंचाने पर उनकी अच्छी खासी कमाई भी हो जाती है।

### बोलेरो से कुचलकर एक व्यक्ति की हत्या करने वाला अभियुक्त 06 घण्टे में गिरफ्तार



प्रखर मिजार्पुर। थाना विन्ध्याचल पर दिनांकः 12.06.2023 को थाना विन्ध्याचल क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोलाही निवासी राकेश धर दुबे पुत्र यज्ञ नारायण धर दुबे द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध अपने (वादी) छोटे की हत्या करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-88/2023 धारा 302,504 भादवि पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में टीमे गठित कर अपराधी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक विन्ध्याचल को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में दिनांकः 12.06.2023 को प्रभारी निरीक्षक थाना विन्ध्याचल मय पुलिस द्वारा भौतिक साक्ष्य संकलन व प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से अभियुक्त अमजद खाँ पुत्र अजहर अली उर्फ कल्लू निवासी विजयपुर थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना विन्ध्याचल पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

### लाभार्थी सम्मेलन कार्यक्रम पूर्व मंत्री एवं बीजेपी के वरिष्ठ नेता डॉ. कृष्णमुरारी विश्वकर्मा के नेतृत्व में सकुशल सम्पन्न

प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत मुहम्मदपुर बी टी पैलेस में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने किया। पूर्व मंत्री व दीदारगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों साथियों एवं समर्थकों के साथ जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का स्वागत किया गया, जिसमे जल संसाधन मंत्री को फूल मालाओ से लाद दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखें जिसमें से प्रमुख रूप से दशामाना इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ऋषि कांत राय, ब्लॉक प्रमुख विजय कुमार विश्वकर्मा, खंड विकास अधिकारी डॉ आराधना तिरपाठी,भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य प्रमोद लाल श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष अवधेश चौहान, प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष जियालाल यादव, अरबिंद यादव उर्फ पिंटू, अल्पसंख्यक जिला मीडिया प्रभारी अबुल कैश,वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एहसान शेख सुनील दुबे, रिंकज विश्वकर्मा व विनीत जायसवाल आदि लोग थे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं